53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.8 °C | अधिकतम 24.7 °C

अमृतवाणी

बड़ा नौकर बनने से अच्छा है कि छोटा नौकर बन जाओ, दूसरे के पीछे चलने से अच्छा है अपना रास्ता खुद बनाओ।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

दिल्ली वासियों में आपदा से मुक्त हो जाने का सकून है : मोदी

सूर्योदय : 7:03 सूर्यास्त-6:03 | वर्ष : 53/ अंक : 39 | रविवार, 09 फरवरी 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

जो कहते थे हम दिल्ली के मालिक हैं उन्हें जनता ने बस पंजाब का छोड़ा है.....

तिनका-तिनका हुई झाड़ू, देश के दिल पर भाजपा राज

- सिर्फ 'आप' को ही नहीं, जनता ने 'केजरीवाल, मनीष सिसौदिया' को भी उखाड़ फेंका
- झुग्गी झोपड़ी वालों से लेकर मंदिर के पुरोहितों को प्रलोभन देना भी नहीं आया काम

न झुग्गी-झोपड़ी वालों ने दिया साथ, न मुफ्त की रेवड़ियों से बनी बात

मुजफ्फरनगर। दिल्ली के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके केजरीवाल को एक भ्रम और भी पैदा हो गया था कि गरीब लोगों के वे मसीहा बन चुके हैं। दिल्ली का खजाना लुटाकर फ्री की बिजली, पानी और अब महिलाओं को फ्री बस की सुविधा, महिलाओं को प्रत्येक माह हजारों रुपये बांटने तक की सारी स्कीम इस बार नाकाम साबित हो गयी। दिल्ली की जनता ने समझ लिया कि फ्री का माल खिलाकर दिल्ली का भविष्य सुधरने वाला नहीं है। दिल्ली की जनता ने यह भी समझा कि यह आम आदमी को फ्री का राशन बांटकर बेकार करने के रास्ते हैं। जब जनता को सब कुछ फ्री का मिलने लगता है तो उसके शरीर में जंग लग जाता है और वो हमेशा इसी इंतजार में रहता है कि कहां-कहां से क्या-क्या बटोरना है। ऐसे में उसका ध्यान अपने अंदर की क्वालिटी से भी हट चुका होता है और वह सिर्फ मुफ्त की खाने की सोचता है। कहीं न कहीं दिल्ली की जनता ने अपने घर के लोगों व खुद को बेकार होते देखा, तभी बदलाव की बयार बहा दी।

मंदिर के पंडितों को बहकाना भी नहीं आया काम

मुजफ्फरनगर। केजरीवाल ने बाकी सारे लॉलीपॉप देने के साथ-साथ इस बार नया मंत्र अपनाया था। दिल्ली में हजारों पुजारियों को मानदेय देने का ऐलान किया था, मगर पुजारी भी केजरीवाल के बहकावे में नहीं आए और आज दिल्ली की जनता ने सारे लालच नकारकर भाजपा की सरकार बनाने में दिल्ली का भला समझा। दिल्ली के पुजारियों की बात मानें तो उनका कहना है कि दिखावा करने के लिए हनुमान चालीसा और अंदरखाने नमाज पढ़ने वाले केजरीवाल की हकीकत उन्हें बखूबी पता थी। इसलिए उन्होंने केजरीवाल के सिर पर अपने आशीर्वाद का हाथ पहले से ही पीछे हटा लिया था।

अरविन्द केजरीवाल को भ्रष्टाचार और शराब दोनों ले डूबे

मुजफ्फरनगर। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार उस समय चर्चाओं का विषय बनी जब स्वयं तीन बार के मुख्यमंत्री को उन्हीं के क्षेत्र की जनता ने औंधे मुंह गिरा दिया। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा ने 4089 मतों से केजरीवाल को हराकर इतिहास रच डाला। वहीं केजरीवाल अपनी ही हार से स्तब्ध दिखे और चुपचाप मतगणना स्थल से वापस लौट गए। आम जनता ने यहां भी केजरीवाल पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त केजरीवाल की नीतियों का पता उस समय लग गया था, जब उन्होंने मौहल्ला क्लीनिक के बजाए हर मौहल्ले को शराब मौहल्ला बनाने की ठान ली थी। एक बोतल के साथ एक फ्री की सोच से केजरीवाल की मंशा का पता चल गया था और इसी शराब ने केजरीवाल सरकार का अन्त ला दिया। शॉर्ट टर्म की राजनीति करके आज केजरीवाल अपना सा मुंह लेकर वापस लौट गए।

कांग्रेस और आप पार्टी के अलग-अलग चुनाव लड़ने से भी भाजपा को मिली बढ़त

मुजफ्फरनगर। इस बार के दिल्ली विधानसभा चुनाव में चुनाव से पहले ही अति उत्साह से लबालब केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ गठबंधन ही नहीं किया और उस गठबंधन का केजरीवाल को इतना बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा, ऐसा उन्होंने सोचा तक न था। भाजपा को दिल्ली विधानसभा पर सिर्फ आठ सीटें मिली थीं और आठ से 48 पर पहुंचना भाजपा के लिए हंसी-खेल नहीं था। भाजपा की बढ़ी बढ़त और ऐतिहासिक जीत में कांग्रेस और आप का गठबंधन न होना भी बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। वैसे तो कुछ दिन बाद यह तस्वीर सामने आ जाएगी कि कांग्रेस का वोटर आखिर गया कहां, पर फिलहाल यही माना जा रहा है कि कांग्रेस के वोटर को पहले ही अंदाजा हो गया था कि दिल्ली में कांग्रेस की कहीं कोई जीत नहीं हो रही। इसके चलते परम्परागत कांग्रेस के वोटरों ने भी भाजपा का ही दामन चुना और भाजपा को ही अपना वोट किया।

दिखा। वहीं रही-सही कसर जीत दिलाने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना में डुबकी लगाने की बात कहकर पूरी कर दी। उसके बाद भी जीत के लिए भाजपा ने अपने हरियाणा में उतारे गए मैनेजमेंट का सहारा लिया। हरियाणा में जिस तरह से संघ संगठन और भाजपा के प्रबंधन ने हार को जीत में बदल दिया था, ठीक उसी तरह 14 नहीं 27 वर्षों का भाजपा का वनवास इसी मैनेजमेंट के दम पर खत्म हुआ और भाजपा ने एक बार फिर देश की राजधानी दिल्ली पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई। इस बार जैसा एग्जिट पोल ने दिखाया, वैसा ही ठीक परिणाम निकलकर आया। 48 सीट भाजपा व मात्र 22 सीट बारह वर्ष की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के हिस्से में आई, वहीं कांग्रेस का नामलेवा भी दिल्ली में कोई नहीं बचा। शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित ने इस हार को स्वीकार किया। एक जमाना था कि शीला दीक्षित सरकार के साथ-साथ मुख्यमंत्री के रूप में उनकी अपनी गरिमा थी। मगर धीरे-धीरे वह गरिमा धूमिल होती चली गयी और तीसरी बार पूरी दिल्ली में एक भी सीट कांग्रेस के खाते में नहीं आई। हाल ही में केन्द्र में सरकार बनाने के लिए सांसदी के चुनाव होने के बाद राजनीतिक पंडितो और विश्लेषकों ने राहुल में राजनीतिक अनुभव बढ़ना बताया था, मगर दिल्ली के चुनाव में भाई-बहन दोनों का अनुभव भी कहां गायब हो गया, किसी को नहीं पता। आज की ऐतिहासिक जीत से भाजपा व उसका कार्यकर्ता गदगद दिखा, क्योंकि पूरे देश पर कब्जा करने वाली भाजपा जब देश के दिल और देश की राजधानी से दूर रहती थी, तो एक अजीब सी कमी भाजपाइयों के दिलों में महसूस हुआ करती थी। आज ऐतिहासिक जीत हासिल कर वह कसक भी दूर हो गयी। जल्द ही भाजपा विधायक दल का नेता चुन लेगी और दिल्ली पर नये आयाम स्थापित करने की आशा के साथ काबिज हो जाएगी।

GOLDEN PUBLIC SCHOOL
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSIONS OPEN 2025-26
PLAY TO IX & XI (Science, Commerce & Humanities)

"THE FUTURE OF YOUR CHILD BEGINS HERE"
★ Safe and Secure CCTV Campus, Lush Green & Pollution Free Environment
★ Truly Dedicated, Committed and Trained Teachers
★ 100% Board Result of Class X and XII
★ Focus on Effective Communication Skills
★ Participation of Students in Olympiads, Interschool, State, National and International (Model United Nations) Events
★ Transport Available on All Routes
• NO ADMISSION FEE FOR CLASSES PLAY TO VI
• SIBLING DISCOUNT
Registration forms are available for admission on all working days between 10:00 am to 03:00 pm
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Email: golden.publicmzn@gmail.com | Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620
Website: www.gpsmzn.in | goldenpublicschoolmuzaffarnagar

दिल्ली में 27 साल बाद खिला 'कमल'

- पीएम मोदी की चली खूब लहर, दिल्लीवालों ने भाजपा को दिया प्रचंड जनादेश, 48 सीटें जीती
- केजरीवाल को जनता ने नकारा, आप 22 सीटों पर सिमटी, कांग्रेस ने शून्य की लगाई हैट्रिक

नई दिल्ली, 08 फरवरी (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में ऐतिहासिक जीत के साथ सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को बाहर का रास्ता दिखते हुए 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में दो तिहाई बहुमत के साथ वापसी की है। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए हुए चुनाव के शनिवार को घोषित नतीजों में भाजपा को 48 सीटों पर जीत हासिल हुई है, जबकि आप 22 सीटें मिली। कांग्रेस इस विधानसभा चुनाव में शून्य की हैट्रिक लगाते हुए एक बार फिर खाता तक नहीं खोल सकी। दिल्ली में सत्ता विरोधी लहर इतनी जबरदस्त थी कि आप के शीर्ष नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके निकटतम सहयोगी तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी चुनाव हार गये। मंत्रिमंडल के दो मंत्री भी चुनाव हार गये हैं।

नयी दिल्ली सीट पर श्री केजरीवाल को भाजपा के प्रवेश वर्मा ने 4089 मतों से हराया। पटपड़गंज सीट बदलकर जंगपुरा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे श्री सिसोदिया को भी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि कड़े मुकाबले में मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट से जीत गईं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। कांग्रेस ने नयी दिल्ली से संदीप दीक्षित तथा कालकाजी सीट पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा को चुनाव मैदान में उतारा था। आप ने 2015 के चुनाव में 70 में से 67 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था और फिर 2020 में 62 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी। श्री केजरीवाल को इस बार भी उसी प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन भाजपा की भारी जीत ने उसे 22 सीटों पर सिमट कर रख दिया। श्री केजरीवाल ने हार स्वीकारते हुए कहा कि जनता ने जो निर्णय दिया उसे वह विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस आशा के साथ लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है वह उन सभी उम्मीदों और आशाओं पर खरा उतरेगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने जनादेश स्वीकार करते हुए कहा है कि वह जीत अवश्य गई हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी का संघर्ष दिल्ली की जनता के लिए जारी रहेगा। भाजपा नेताओं ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया है और कहा है कि यह परिणाम श्री मोदी पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। श्री मोदी ने जीत को विकास एवं सुशासन की जीत करार दिया और कहा कि वह दिल्ली के चहुंमुखी विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

SHANTI MADAN HOSPITAL
Specialized Centre for Immediate Load Implants
DR. VAIKUNTH AGGARWAL
M.D.S.
Root Canal Specialist & Implantologist
सीनियर डेन्टल सर्जन

FROM NO TEETH TO FIX TEETH IN FOUR DAYS
पेशेन्ट के लिए आरामदायक सुविधाजनक एसी रूम की व्यवस्था
4 दिन में इम्प्लांट और दांत लगवाएं।
किफायती दरों पर
हृदय रोगी व मधुमेह रोगी भी इम्प्लांट करा सकते हैं।
पूरी प्रक्रिया दर्द रहित, आधुनिक तकनीक द्वारा।
स्विट्जरलैण्ड में निर्मित Implants द्वारा बिना चीरा-बिना टांके लगाए, दर्द रहित Punch hole Surgery द्वारा दांत फिक्स किए जाने का Specialized Centre
OPG सुविधा उपलब्ध
For appointments call: 9456072859
सोमवार से शुक्रवार व रविवार
प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक व सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक
पताः- शांति मदन हॉस्पिटल, (थाना सिविल लाईन के सामने) मुजफ्फरनगर

मिल्कीपुर सीट से चंद्रभानु पासवान की 61639 मतों से धमाकेदार जीत

अयोध्या, 08 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के 273-मिल्कीपुर विधानसभा सुरक्षित सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान ने करीब 61639 वोटों से जीत हासिल की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चन्द्रभानु पासवान ने 273- मिल्कीपुर विधानसभा सुरक्षित सीट से करीब 145893 वोट प्राप्त किये हैं जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने 84254 वोट हासिल किया है। इनमें आजाद समाज पार्टी 5439 वोट तथा अन्य को 6755 वोट मिले हैं। कुल टोटल वोट 242341 प्राप्त हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी कार्यालय में जश्न मनाते हुए भाजपा के नेताओं ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत हुई है। अब मिल्कीपुर विधानसभा में विकास की गंगा बहेगी, जिसको कोई रोक नहीं सकता है। कार्यालय में ढोल-नगाड़े बजने शुरू हो गये हैं और होली जैसा माहौल दिखायी पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पूर्व सांसद लल्लू सिह सहित कई नेता कार्यालय में जश्न मनाने में व्यस्त हैं। पूर्व सांसद लल्लू सिह ने कहा कि यह लोकतंत्र की जीत के साथ-साथ अब मिल्कीपुर विधानसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास की गंगा बहा देंगे। वहां की सडकों सहित सभी समस्यायें दूर हो जायेंगी।

दुर्घटना में युवक की मौत से परिवार में मातम छाया

मीरापुर, 8 फरवरी (बु.)। जानसठ क्षेत्र के नया गांव में सड़क दुर्घटना में मीरापुर निवासी युवक की मौत हो गयी। युवक की मौत की सूचना से परिवार में मातम छा गया तथा परिजन जानसठ अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। मृतक की विधवा माँ का रो-रोकर बुरा हाल है। कस्बे के मौहल्ला दक्षिणी मुश्तर्क निवासी अनीता सिद्धू के पति की कई वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। अनीता के दो बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बेटी स्मिता व पुत्र जन्मेजय सिद्धू है। शनिवार की दोपहर जन्मेजय किसी काम से खतौली गया था। वापस लौटते समय नया गांव फैजाबाद चौराहे के पास उसकी बाइक फिसल गई, जिससे जन्मेजय का सिर सड़क में जा लगा तथा उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत का समाचार घर पर पहुँचते ही परिवार समेत पूरे मौहल्ले में मातम छा गया। मृतक युवक बेहद मिलनसार था। बता दें कि मृतक की माँ अनीता

मृतक जन्मेजय का फाइल फोटो

व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

S.M. HOSPITAL
SHANTI MADAN HOSPITAL
Always caring, Always here.
shantimadanhospital.com
आयुष्मान भारत योजना
से निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
केवल यूरोलॉजी समस्याओं के लिए मान्य है

डायलिसिस
की सुविधा अब आपके अपने शहर में!
. अनुभवी डॉक्टर और स्टाफ।
. उन्नत मशीनों के साथ।
. 24x7 उपलब्ध सेवा।

Dr. Bhanu Mishra
M.D. (General Medicine)
DrNB (Nephrology)
Kidney Transplant Expert
consultant at: BLK MAX Hospital, Delhi.

शांति मदन अस्पताल, मुजफ्फरनगर में डायलिसिस की सुविधा अब आपके अपने शहर में उपलब्ध है। यहां अनुभवी डॉक्टर, प्रशिक्षित स्टाफ और उन्नत मशीनों के साथ किडनी रोगियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक डायलिसिस सेवा प्रदान की जाती है। 24x7 सेवा का लाभ उठाने के लिए आज ही संपर्क करें।
नेफ्रोलॉजी ओ. पी. डी. : प्रत्येक महीने के हर मंगलवार सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01: 00 बजे तक

किडनी से संबंधित हर समस्या का समाधान।
. किडनी बायोप्सी (Kidney Biopsy)
. ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस (Glomerulonephritis)
. डायलिसिस (Dialysis)
. किडनी की विफलता (Kidney Failure)
. उच्च रक्तचाप (High BP) से जुड़ी किडनी समस्याएं
. डायबिटीक किडनी रोग (Diabetic Kidney Issue)

PCNL, MINI PCNL, UMP, RIRS, ESWL
Safest Surgeries for Kidney Stone Removal.
लेजर विधि द्वारा गुर्दे, मूत्र नली की पथरी का इलाज | पेशाब की थैली की पथरी का इलाज | लेजर द्वारा गदूद का इलाज
बच्चों के गुर्दे व पेशाब सम्बंधित रोगों का इलाज | महिलाओं के पेशाब सम्बंधित रोगो का इलाज | पुरुष संतानहीनता का इलाज
पेशाब में खून आना, जलन होना व पेशाब की धार पतली होना | समस्त यूरोलॉजी कैंसर का इलाज
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
For Appointments : 9760254747
www.shantimadanhospital.com
244, North Civil Lines, Thana Civil Lines, Muzaffarnagar.

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 08 फरवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 09 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1757: राबर्ट क्लाइव ने अलीनगर संधि द्वारा कलकत्ता (अब कोलकाता) को सिराजुद्दौला से लेकर ब्रिटिश नियंत्रण में शामिल कर लिया। 1760: मराठा सेनापति दत्ताजी शिन्दे का निधन। 1788: ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ तुर्क युद्ध की घोषणा की। 1801: फ्रांस और ऑस्ट्रिया ने लुनेविल्ले शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1824: 19वीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपनाया। 1922: भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति एवं होटल लीला समूह के संस्थापक सी.पी. कृष्णन नायर का जन्म। 1951: स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना के लिये सूची बनाने का कार्य शुरू। 1969: देश के छह राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। 1971: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा चांद पर भेजा गया अपोलो 14 अंतरिक्ष यान अपनी कार्य अवधि पूरी कर धरती पर वापस लौटा। 1975: रूसी अंतरिक्ष यान सोयूज 17 अंतरिक्ष से 29 दिन बाद धरती पर लौटा। 1979: अफ्रीकी देश नाइजीरिया में संविधान बदला गया। 1991: लिथुआनिया में मतदाताओं ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मतदान किया। 1992: पर्यटकों को लेकर सेनेगल की राजधानी डकार जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त। विमान में सवार 59 लोगों में से 31 की मौत। 1999: भारतीय निदेशक शेखर कपूर की फिल्म एलिजाबेथ ऑस्कर के लिए नामित। 2006: शिया मुसलमानों के पवित्र दिन आशूरा पर पाकिस्तान के हांगू में फिदायीन हमले में 23 लोगों की मौत। बाद में शिया और सुन्नी मुसलमानों में दंगे भड़कने से मरने वालों की तादाद 31 तक पहुंची। 2007: पाकिस्तान की विपक्षी पार्टी जमायते उलेमा इस्लामी ने जिन्ना को स्वतंत्रता सेनानी की सूची से हटाया। 2008: अपना पूरा जीवन कुष्ठ रोगियों के कल्याण पर लगाने वाले बाबा आमटे का निधन। 2010: हैती में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या 2,30,000 होने का आधिकारिक ऐलान किया गया। 2016: नेपाल के 37वें प्रधानमंत्री सुशील कोइराला का निधन।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1330, रसकट ढैया 1240-1267, चाकू 1390-1521, लड्डू 1380-1465, खुरपापाड़ 1330-1360, शक्कर मसाला 1460-1480। आमद- 8000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	86300	चांदी-	95350
सिक्का-	10500	गिन्नी-	64440

आपका आज का राशिफल

रविवार, 09 फरवरी, 2025

मेष- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, सामाजिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, विवाद समापन की ओर, यात्रा संतोषजनक।
वृषभ- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी, कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर, मेल-मिलाप की ओर रुचि, व्यापार में धन निवेश, सुयश की प्राप्ति।
मिथुन- स्वास्थ्य में शिथिलता, पारिवारिक समस्याओं से मन उदास, विवाद की आशंका, यात्रा में कष्ट, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका, अपव्यय भी।
कर्क- ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, पुरातन विवाद का समापन, पठन-पाठन में रुचि, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।
सिंह- विचारित कार्यों में प्रगति, व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, विवादास्पद मसला हल, मनोबल में वृद्धि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, सद्विचारों का उदय।
कन्या- ग्रहयोग बेहतर, समस्याएं सुलझने की ओर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मानसिक राहत, धर्म में आस्था, जिम्मेदारियों हेतु व्यय।
तुला- दिनचर्या अव्यवस्थित, व्यावसायिक पक्ष में निराशा, राजकीय पक्ष से उलझनें, परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, खर्च से परेशान, अशांति का माहौल, यात्रा कष्टकर।
वृश्चिक- नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, दाम्पत्य जीवन में सुखी, मनोरंजन में रुझान।
धनु- पराक्रम से कार्यसिद्धि, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, आत्मबल में वृद्धि, महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक प्रसन्नता, परोपकार की भावना जागृत।
मकर- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, पारिवारिक मतभेद समाप्त, संभावित यात्रा का कार्यक्रम, मंगल आयोजन संपन्न।
कुम्भ- दिनचर्या अस्त-व्यस्त, अध्यात्म के प्रति अरुचि, राजकीय पक्ष से प्रतिष्ठा पर आघात, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, विचारों में उग्रता, उन्नति में बाधा।
मीन- समय संतोषजनक, परिस्थितियां अनुकूल, सुसंदेश की प्राप्ति, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, प्रियजनों से विचार, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

जीत का उल्लास... दिल्ली और मिल्कीपुर जीतने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में लखनऊ में हुई खूब आतिशबाजी

डबल इंजन की सरकार आने पर यूपी के डिप्टी सीएम ने बांटे लड्डू

लखनऊ, 08 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत और मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद यूपी में भाजपा नेता व कार्यकर्ता जीत के जश्न में डूब गए। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। सभी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पटाखे फोड़े और एक दूसरे को जीत का लड्डू खिलाया। बता दें कि भाजपा ने 27 साल बाद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज की। वहीं, मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में 61 हजार से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता के विश्वास की जीत है। यह जीत बताती है कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। भाजपा कार्यालय में जश्न मनाते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी साथ में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। भाजपा ने दिल्ली का विधानसभा चुनाव जीता है। इन चुनाव में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की करारी हार हुई है। जीत से उत्साहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इन चुनाव में भाजपा की जीत से जनता ने झूठ व लूट की राजनीति के अंत का स्पष्ट संदेश दिया है। भाजपा की जीत के बाद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व अन्य कार्यकर्ता।

मिल्कीपुर में जनता ने सपा के परिवारवाद को नकारा, दिल्ली में लूट का राज खत्म: सीएम योगी

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम ने समाजवादी पार्टी के परिवारवाद और झूठ की राजनीति को पूर्ण विराम देते हुए डबल इंजन सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के मॉडल को अंगीकार किया है। यह परिणाम बताता है कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए समाजवादी पार्टी भले ही कितने झूठ का सहारा क्यों न ले ले, कितना बड़ा प्रोपेगैंडा क्यों न कर ले, लेकिन जनता-जनार्दन उन्हें सबक सिखाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। लगभग 61000 वोट से भाजपा के चंद्रभानु पासवान की विजय इस बात को प्रमाणित करती है कि जनता-जनार्दन का विश्वास डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चंद्रभानु पासवान के विजयी होने पर भारतीय जनता पार्टी व सहयोगी दलों के पदाधिकारियों, अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं को हृदय से अभिनंदन करता हूं और आश्वस्त करता हूं कि डबल इंजन सरकार पर उन्होंने जो विश्वास जताया है, सरकार उनकी आशा व अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। सीएम ने कहा कि झूठ-लूट की राजनीति को पूर्ण विराम देने के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणाम अभिनंदनीय हैं। यह सुखद भविष्य की ओर ले जाने की नई प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि ढाई दशक के बाद दिल्ली में कमल खिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रणनीतिकार गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह समेत केंद्रीय नेतृत्व का हृदय से अभिनंदन करता हूं। दिल्ली में झूठ व लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम लगा है। अब हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वासी भी विकास, सुशासन और लोककल्याण योजनाओं का सही लाभ प्राप्त करने में सफल होंगे।

दिल्ली में भाजपा की जीत पर जश्न मनाया

मीरापुर, 08 फरवरी (बु.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मीरापुर में जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गयी। भाजपा कार्यकर्ता मीरापुर मुख्य बाजार में एकत्र हो गई तथा दिल्ली में भाजपा की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहाँ जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान मुख्य रूप से सचिन ठाकुर, मूलचन्द शर्मा, अभिषेक गर्ग, राजेन्द्र रस्तौगी, रूप सिंह प्रजापति, विपुल अग्रवाल, दिनेश सैनी, प्रधुम्न शर्मा, अमित राजवंशी आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ में नए कीर्तिमान से बनेंगे चार विश्व रिकॉर्ड

प्रयागराज, 08 फरवरी (एजेंसी)। महाकुंभ नगर में चार विश्व रिकॉर्ड भी बनेंगे। प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से इसका कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। इसके अनुसार 14 से 18 फरवरी के बीच हर दिन एक रिकॉर्ड बनेगा। इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी पहुंच गई है और उन्हीं की निगरानी में आगे की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। कुंभ 2019 में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए गए थे। इसके तहत 500 से अधिक शटल बसों को एक साथ संचालित करने का रिकॉर्ड बना था। इसके अलावा 10 हजार सफाई कर्मियों ने एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया था, जो एक रिकॉर्ड रहा। इसी क्रम में आठ घंटे में सात हजार लोगों के हैंड प्रिंट लेने का रिकॉर्ड बना था। महाकुंभ में चार विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। खास यह कि इस बार विश्व रिकॉर्ड के माध्यम से दुनिया को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का लक्ष्य रखा गया है। इसे ध्यान में रखकर नदी के किनारे एवं जलधारा में अलग-अलग सफाई अभियान के साथ ई-रिक्शा संचालन का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। गौर करने वाली यह भी है कि मेला प्राधिकरण इस बार अपने ही दो रिकॉर्ड तोड़ेगा। वहीं दो अन्य रिकॉर्ड पहली बार बनेंगे। पहले दिन यानी, 14 फरवरी को स्वच्छता का विश्व रिकॉर्ड बनेगा। इसके तहत 15 हजार कर्मचारी एक साथ गंगा एवं यमुना नदी के किनारे 10 किमी तक सफाई अभियान चलाएंगे। अभी 10 हजार कर्मचारियों के एक साथ सफाई अभियान चलाने का रिकॉर्ड है जो कुंभ 2019 में मेला प्राधिकरण ने बनाया था। इस रिकॉर्ड को बनाने में 2.13 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 15 फरवरी को नदी की सफाई का रिकॉर्ड बनेगा। उस दिन 300 कर्मचारी एक साथ गंगा नदी में उतरकर सफाई करेंगे। इस तरह का पहली बार रिकॉर्ड बनेगा। इस पर 85.53 लाख रुपये खर्च होने की उम्मीद है। 16 फरवरी को ई-रिक्शा संचालन का रिकॉर्ड बनेगा। उस दिन मेला क्षेत्र में त्रिवेणी मार्ग पर 1000 ई-रिक्शा का एक साथ संचालन होगा। इस तरह का पहली बार रिकॉर्ड बनेगा। इस रिकॉर्ड को बनाने में 91.98 लाख रुपये खर्च होंगे। 18 फरवरी को कैनवस पर हैंड प्रिंटिंग का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसके तहत गंगा पंडाल तथा मेला क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थलों पर कैनवास लगाए जाएंगे, जिन पर आठ घंटे में 10 हजार लोगों के हैंड प्रिंट लिए जाने की योजना बनाई गई है जो रिकॉर्ड होगा।

महाकुंभ से 28 फरवरी तक चलेंगी तीन हजार से अधिक बसें, 25 दिन में 40 करोड़ ने लगाई डुबकी

लखनऊ, 08 फरवरी (एजेंसी)। महाकुंभ के तीसरे चरण के लिए रोडवेज आठ से 28 फरवरी तक 3050 महाकुंभ स्पेशल बसें चलाएगा। यह बसें अस्थायी स्टेशनों से चलाई जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा होगी। रोडवेज के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर महाकुंभ में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों और चालक परिचालकों के कार्यों को सराहा। साथ ही 12 और 26 फरवरी को अमृत स्नान पर सक्रियता बढ़ाने को कहा। निगम के नवनियुक्त प्रवक्ता अमरनाथ सहाय ने बताया कि प्रबंध निदेशक ने महाकुंभ मेला के कार्यों की समीक्षा की। 26 जनवरी से लेकर सात फरवरी तक की समीक्षा में मेले में तैनात सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों, और चालक-परिचालकों की प्रशंसा की गई। महाकुंभ में 25 दिन में 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर कर नया रिकॉर्ड रच दिया है। ये स्वर्णिम उपलब्धि शुक्रवार को 94 लाख श्रद्धालुओं के स्नान के साथ ही हासिल हुई। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में 8 फरवरी तक 40.68 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। महाकुंभ अभी 19 दिन और रहेगा। महाकुंभ में इस बार प्रदेश सरकार ने 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान जताया था।

किनारे पर आकर डूबी अरविन्द केजरीवाल के पांच प्रत्याशियों की सियासी कश्ती

संगम विहार से सबसे कम 344 वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर विधायक बने भाजपा के चंदन कुमार चौधरी

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के नतीजे सभी 70 सीटों पर आ चुके हैं। दिल्ली में जहां 10 सालों से आप मजबूती से सत्ता पर काबिज थी वहीं इस बार नतीजे बदल गए। भाजपा को 48 सीटें मिली, वहीं आप को इस बार 22 सीटों से साथ हार का सामना करना पड़ा। भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा? यह अभी तक साफ नहीं हुआ है। इस चुनाव परिणाम से भाजपा उत्साहित है, लेकिन भाजपा की जीत से भी बड़ी जीत का जश्न कुछ ऐसे प्रत्याशियों के परिवार और समर्थकों के बीच मन रहा है, जो कांटे के मुकाबले में दो हजार से भी कम अंतर से जीतकर दिल्ली विधानसभा की जंग फतेह करने में सफल रहे हैं। ऐसी सीटों पर प्रत्याशियों को काफी दिलचस्प जीत मिली और जीत व हार के भंवर में फंसी उनकी सियासी कश्ती माधार से निकल गई तो इनके सामने चुनाव हारने वालों की सियासी कश्ती किनारे पर आकर डूबती नजर आई। ऐसी पांच सीटों पर कम अंतर से आप के प्रत्याशियों की ही हार मिली है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव में 1000 से कम अंतर वाली तीन सीटें रहीं। सबसे कम अंतर वाली सीट संगम विहार है। यहां भाजपा के चंदन कुमार चौधरी ने आप के दिनेश मोहनिया को 344 वोट से हराया है। इस सीट पर कांग्रेस के हर्ष चौधरी को तीसरे नंबर पर 15863 वोट मिले हैं। कांग्रेस के हर्ष चौधरी 15863 वोट हासिल किए। जोकि जीत हार के अंतर से काफी ज्यादा हैं। सबसे कम अंतर से जीत वाली दूसरी सीट त्रिलोकपुरी है। ये एक आरक्षित सीट है। इस सीट पर भी भाजपा के उम्मीदवार रविकांत को मात्र 392 वोट के अंतर से जीत मिली है। आप की अंजना पारचा ने भाजपा के रविकांत को कांटे की टक्कर दी है। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के अमरदीप को 6147 वोट मिले है। त्रिलोकपुरी से आप को चेहरा बदलने के बाद भी जीत नहीं मिली। 2020 में यहां से आप को रोहित कुमार विधायक थे। तीसरी सबसे कम अंतर से जीत वाली सीट जंगपुरा है। इस सीट पर जीत का आंकड़ा काफी दिलचस्प है। क्योंकि ये एक हॉट सीट थी। यहां से आप के बड़े मंत्री मनीष सिसोदिया चुनाव लड़ रहे थे। भाजपा के तरविंदर सिंह मारवाह ने मनीष सिसोदिया को 675 वोट से हरा दिया है। कांग्रेस के फरहाद सूरी को 7350 वोट मिले हैं। कम अंतर से हार वाली सीटों पर कांग्रेस ने जीत हार को नतीजे तय किए हैं। हालांकि इन दो सीटों पर जीत का अंतर 1000 वोटों से अधिक रहा। चौथी सीट तिमारपुर से भाजपा के सूर्य प्रकाश खत्री को 1168 वोट के अंतर से जीत मिली है। भाजपा के सूर्य प्रकाश खत्री ने आप के सुरिंदर पाल सिंह (बिट्टू) को हराया है। कांग्रेस के लोकेन्द्र कल्याण सिंह को 8361 वोट मिले हैं। पांचवी सबसे कम अंतर वाली सीट राजिंदर नगर है यहां भाजपा के उमंग बजाज को 1231 अंतर से जीत मिली।

लुटेरों को गोली मारकर पकड़ा

बुढ़ाना, 8 फरवरी (बु.)। आते-जाते राहगीरों से तमंचे के बल पर बाइक व उनका मोबाइल लूटने वाले लुटेरे आखिर बुढ़ाना पुलिस के शिकंजे में फंस ही गये। पुलिस टीम ने मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली मारकर पकड़ लिया, तो वहीं उसके 3 साथियों ने गोली लगने के डर की वजह से टीम के उग्र रूप को देखकर सरेंडर कर दिया। दरअसल इन लुटरों ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में आकर बीते 13 व 30 जनवरी को 2 बाइकें, नगदी और मोबाईल लूटकर पुलिस को चुनौती देने का काम किया था, जिसमें उमरपुर चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव को उच्चाधिकारियों की डांट भी पड़ी थी, तो सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में उमरपुर प्रभारी सुरेंद्र राव ने अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से बुढ़ाना वाया कांधला मार्ग पर क्राउन कट के पास चेकिंग कर बाइक सवार 2 व्यक्तियों को रोका, तो वे रुके नहीं और पुलिस पर फायर कर फरार होने लगे। टीम ने काफी मशक्कत के बाद दोनों को घेर लिया व एक लुटेरे को गोली मारकर पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने खुद ही सरेंडर कर दिया। तब उसकी निशानदेही पर दो अन्य बदमाशों को भी पकड़ लिया गया। बदमाशों के पास से बाइक व मोबाईल बरामद हुआ है। मुठभेड़ में अमन बंसल उर्फ बुड्ढा पुत्र बिजेन्द्र गांव काकड़ा घायल हुआ है, जबकि रितिक उर्फ पंडित पुत्र सुभाष गांव शाहडब्बर, शुभम पुत्र भूरा निवासी ग्राम पलड़ी व अक्षय बालियान उर्फ मेन्टल पुत्र मनोज ग्राम काकड़ा कॉम्बिंग में पकड़े गये हैं।

नाराज पत्नी ने रील बनाने की बात कहकर पति को जमकर पीटा

बदायूं, 08 फरवरी (एजेंसी)। यूपी के बदायूं में रील बनाने की शौकीन पत्नी ने दिल्ली न ले जाने पर पति को झांसे में लेकर नल से बांध दिया। पति का आरोप है कि पत्नी ने नल से बांध कर उसे पीटा। करीब एक घंटे तक पति को नल से बंधक बनाए रखा। शोर शराबा होने पर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नल से बंधे युवक को बंधन मुक्त कराया। पीड़ित युवक ने पत्नी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। वहीं, पत्नी ने पति पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों ही मामलों की जांच कर रही है। दातागंज क्षेत्र का एक युवक दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। वहां उसके एक युवती से प्रेम संबंध हो गए थे। दोनों ने विवाह कर लिया। युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी को रील बनाने का शौक है। वह हर समय रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करती रहती है। घर के कामकाज पर ध्यान नहीं देती। इस वजह से वह कुछ दिन पहले दिल्ली से अपने घर लौट आया। वह उसके साथ वापस दिल्ली जाना चाह रही थी, लेकिन वह उसे साथ नहीं ले जाना चाहता था। शुक्रवार सुबह युवक कहीं जा रहा था। इसी दौरान पत्नी ने उससे कहा कि वह उसके साथ रील बनाना चाहती है। उसने हामी भर दी। इसके बाद पत्नी ने उसके हाथ घर में लगे नल से बांध दिए और उसकी पिटाई करने लगी।

ज्ञानस्थली में आशीर्वाद समारोह-द मेमोरीस एंड माइलस्टोनस आयोजित

मीरापुर, 08 फरवरी (बु.)। कस्बे के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उनको बधाई दी।
कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कक्षा 11 की छात्रा रमशा द्वारा गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। आशीर्वाद समारोह के दौरान बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने सुन्दर नृत्य, समूह गीत एवं नाट्य मंचन के द्वारा अपने सीनियर्स को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की। उर्वशी खारी को मिस व ध्रुव गुप्ता को मिस्टर ज्ञानस्थली तथा अश्मिता चौधरी व नितिन सैनी को को मिस व मिस्टर फेयरवेल चुना गया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने छात्र-छात्राओं को भविष्य में सच्चाई के मार्ग पर चलने एवं चरित्रवान बनकर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया तथा आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। संचालन आराध्या, माही, अवंतिका, मनस्वी सिंह, भूमिका, स्वर्णिका, अंशिका, शिवांगी, तनु, छवि, रुद्रांश, आर्यन एवं वैष्णवी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज राजवंशी, तारिक खान, अमित कुमार धीमान, मीनाक्षी अरोरा, रंजीता, जतिन कोहली समेत समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

पूर्व सीएम निशंक की बेटी अरुषि से फिल्म में रोल दिलाने के नाम पर की गई बड़ी ठगी

देहरादून, 08 फरवरी (एजेंसी)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की बेटी अभिनेत्री और निमार्ता अरुषि निशंक से चार करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी के आरोप में मुंबई के दो फिल्म प्रोड्यूसर, मानसी वरुण बागला और वरुण प्रमोद कुमार बागला के खिलाफ देहरादून के कोतवाली शहर में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों ने अरुषि को फिल्म में मुख्य भूमिका देने और बड़े मुनाफे का लालच देकर करोड़ों रुपये हड़प लिए। अभिनेत्री अपनी प्रोडक्शन फर्म हिमश्री फिल्म्स के तहत फिल्म निर्माण और एक्टिंग से जुड़ी है। उन्होंने शिकायत में बताया कि मुंबई के प्रोड्यूसर मानसी और वरुण बागला ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने खुद को मिनी फिल्म्स प्रा. लि. के डायरेक्टर बताते हुए कहा कि वे आंखों की गुस्ताखियां फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें शनाया कपूर और विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। इन प्रोड्यूसर्स ने कहा कि इस फिल्म में एक और मुख्य भूमिका है, जिसे अरुषि को निभाने के लिए ऑफर किया गया। लेकिन इसके लिए शर्त रखी गई कि उन्हें पांच करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट करना होगा, जिससे उन्हें फिल्म की कमाई में 20% का हिस्सा मिलेगा। उन्होंने वादा किया कि अगर अरुषि को स्क्रिप्ट पसंद नहीं आई या वे संतुष्ट नहीं हुईं तो उनकी रकम 15% ब्याज के साथ लौटा दी जाएगी। अरुषि ने इन बातों पर भरोसा कर लिया और 9 अक्तूबर 2024 को हिमश्री फिल्म्स और मिनी फिल्म्स के बीच एमओयू साइन हुआ। इसके बाद 10 अक्तूबर 2024 को उन्होंने पहली किश्त के रूप में 2 करोड़ रुपये दिए। बहानों से उनसे 19 नवंबर 2024 को 1 करोड़, 28 अक्तूबर 2024 को 25 लाख, और 30 अक्तूबर 2024 को 85 लाख रुपये और ले लिए गए।

दिल्ली जीत पर भाजपाइयों ने बुढ़ाना कस्बे में जताया हर्ष

बुढ़ाना, 8 फरवरी (बु.)। कस्बे के कांधला रोड पर स्थित युवा भाजपा नेता संगीत गर्ग के प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली विधानसभा चुनाव और मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा ज़िला महामंत्री विनीत कात्यायन व जिला उपाध्यक्ष नितिन मलिक के संयुक्त नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया और जश्न मनाया। भाजपा ज़िला महामंत्री विनीत कात्यायन ने बताया कि ये जीत दिल्ली की आम जनता की जीत है। यह जीत भाजपा के तपस्वी कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास की जीत हुई है। यह जीत दिल्ली के विकास में रोडा बने केजरीवाल को हटाकर जनता ने साबित किया कि देश में सिर्फ.विकास पर बात होगी और विकास के लिए ही दिल्ली की जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत दिया है। यहां पूर्व मंडल अध्यक्ष भारत ठाकुर, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, युवा भाजपा नेता संगीत गर्ग, सोशल मीडिया संयोजक शाहिद असलम, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा पुनित शर्मा, विवेक शर्मा, जगमोहन ठाकुर, मनमोहन कश्यप, रविंद्र सैनी, आकाश जैन, मोहित नाथवंशी आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

दिल्ली में एक-एक वोट के लिए तरसे बसपा प्रत्याशी, औवेसी की पार्टी एआईएमआईएम का नहीं चला जादू

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली में 28 साल बाद भाजपा की वापसी हुई। 5 फरवरी को 80 सीटों पर हुए मतदान में भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल करते हुए आम आदमी पार्टी को सीटों के बरे अंतर से हराकर दिल्ली की कुर्सी पर अपना कब्जा जमाया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पार्टी का प्रदर्शन निराशा जनक रहा और 'आप' पार्टी 22 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी।
हालांकि भाजपा के इस आंधी में आम आदमी पार्टी ही नहीं कांग्रेस समेत कई अन्य दलों जैसे बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) को दिल्ली चुनाव में कोई खास असर नहीं दिखा और वे एक प्रतिशत से भी कम वोट शेयर हासिल करने में सफल रहे। भाजपा, आम आदमी पार्टी की बात छोड़ दे तो चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (एआईएफबी) अपना खाता भी नहीं खुला, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) को 0.88 प्रतिशत, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को 0.58 प्रतिशत, भाकपा को 0.2 प्रतिशत और जेडी(यू) को 0.86 प्रतिशत वोट मिले। इसके अलावा, कुल 0.56 प्रतिशत मतदाताओं ने कोई नहीं (नोटा) का विकल्प चुना। दिल्ली चुनाव में ध्यान केंद्रित करने का विषय 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी और वर्तमान में जेल में बंद शिफा उर रहमान खान और ताहिर हुसैन भी रहा, जिसने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा और आप के वोट शेयर में कमी की, जिससे कांग्रेस को फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, बसपा दिल्ली में अपनी उपस्थिति फिर से स्थापित करने में नाकाम रही। पार्टी ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन 1 प्रतिशत वोट शेयर भी नहीं प्राप्त कर सकी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में वामपंथी दलों के उम्मीदवार भी कोई करिश्मा नहीं दिखा सके। हालात यह रहे कि छह सीटों पर उतरे वामपंथी उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले। उम्मीदवार वोटों में सेंधमारी करने में भी फेल रहे। जहां छह सीटों पर वामपंथी दलों को कुल मिलाकर 2,158 वोट मिले, जबकि नोटा को 5,628 वोट मिले।

हम सरकार विरोधी माहौल बनाने में सफल रहे, जनता ने नहीं दिया हमें जनादेश: खरगे

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाब रही, लेकिन जनता ने उन्हें राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता में लाने के लिए जनादेश नहीं दिया। खरगे ने जनादेश को स्वीकार करते हुए कहा कि कांग्रेस दिल्ली में प्रदूषण, यमुना सफाई, बिजली, सड़क, पानी और विकास के मुद्दों को उठाती रहेगी और जनता से जुड़ी रहेगी। उन्होंने कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता के हित में सरकार के खिलाफ माहौल बनाया था। लेकिन जनता ने हमें जनादेश नहीं दिया, जैसा कि हम उम्मीद कर रहे थे। हम जनादेश को स्वीकार करते हैं। खरगे ने कहा, विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर काम कर रहा था। लेकिन अभी भी और कड़ी मेहनत और संघर्ष की जरूरत है। कांग्रेस को दिल्ली में लगातार तीसरी बार चुनावी हार का सामना करना पड़ा।

खतौली में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

खतौली, 8 फरवरी (बु.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों में मिले प्रचण्ड बहुमत सहित उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को विजयश्री मिलने से उत्साहित भाजपाइयों ने नगर के घंटाघर पर ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य करते हुए जश्न मनाते हुए मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।
मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के घोषित परिणामों में भाजपा को प्रचण्ड बहुमत मिलते ही भाजपाइयों का जमावड़ा नगर के घंटाघर पर लगना शुरू हो गया। इस दौरान दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ साथ उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से मिली जीत पर भाजपाइयों द्वारा ढोल नगाडों की थाप पर जमकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान भाजपाईयों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के समर्थन में जमकरर नारेबाजी की तथा एक दूसरे को बधाई देते हुए मिष्ठान वितरण किया। जश्न के दौरान जीटी रोड पर यातायात प्रभावित हुआ और जाम की स्थिति बनी दिखाई दी।
इस दौरान भाजपा नगराध्यक्ष प्रवीण ठकराल, प्रमोद शर्मा एड., सुरेश आर्य, प्रकाशी देवी, गौरी शंकर गौरी, डीडी आर्य, प्रीति किन्नर, अजभय जैन, सुधीश पुण्डीर, सुमित रहेजा, जयभगवान, संजय भुर्जी, नईम, अमित त्यागी सभासद, अनुज सहरावत, लता रानी, ऋषभ जेन, अजय भुर्जी, रवि ग्रोवर, गुरूदत्त अरोरा, सुनील उपाध्याय, हंस जैन, प्रवीण बागड़ी, गुफरान, राकेश सैनी, राजू उपाध्याय, नीरज गोयल, शिवम खटीक आदि सहित भारी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। दूसरी ओर चुनाव में मिली करारी हार से विपक्षी दलों के खेमों में मायूसी दिखाई दी।

चीन के सिचुआन में भूस्खलन ने मचाई तबाही, 30 लोग लापता

बीजिंग, 08 फरवरी (एजेंसी)। दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत में हुए भूस्खलन के बाद आसपास के इलाके में हरकंप मच गया। इस प्राकृतिक हादसे में 10 से ज्यादा घर दब गए वहीं सैकड़ों लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। राहत कार्य में जुटे बचाव कर्मी ने हादसे के बाद लापता 30 लोगों की तलाशी शुरू कर दी है। आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने घटना के बाद सैकड़ों बचाव कर्मियों, जिनमें अग्निशमन कर्मी भी शामिल हैं को तैनात किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दो लोगों को जिंदा बाहर निकाला गया और लगभग 200 अन्य लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बता दें इस घटना के बाद राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग ने बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं की आपातकालीन बहाली के लिए 50 मिलियन युआन (6.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की राशि आवंटित की है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से पहाड़ों से चट्टानें गिर रही थीं, और कुछ मामलों में पटाखों जैसी आवाजें सुनाई दे रही थीं। सरकारी मीडिया ने बताया कि भूवैज्ञानिकों ने इस क्षेत्र का निरीक्षण किया था और खतरे की चेतावनी दी थी। साथ ही इस आपदा पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की।

महाकुंभ में गए परिवार के घर में चोरी, 30 लाख का माल गायब

मथुरा, 08 फरवरी (एजेंसी)। मथुरा के जमुनापार थाना क्षेत्र में फौजी के घर में आभूषण समेत 30 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने शनिवार को घटनास्थल के आसपास के करीब सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं, लेकिन आरोपियों की शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। श्रीजी कुंज कॉलोनी में फौजी राजेंद्र सिंह का परिवार रहता है। वह गुजरात में तैनात हैं। 29 जनवरी को राजेंद्र सिंह छुट्टी लेकर घर आए थे। तीन फरवरी को वह घर में ताला लगाकर परिवार के साथ महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हो गए। इसी बीच बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर नकदी समेत 30 लाख रुपये का सामान समेट ले गए। वह 6 फरवरी को घर वापस आए तो बाहरी गेट का ताला टूटा मिला। उन्होंने अंदर घुसकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। यह देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए नमूने लिए हैं। थाना प्रभारी छोटे लाल ने बताया है कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

सांसद अनुराग ठाकुर ने पत्नी संग संगम में लगाई आस्था की डुबकी

प्रयागराज, 08 फरवरी (एजेंसी)। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने पत्नी के साथ संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने महाकुंभ को दिव्य-भव्य बताते हुए इसे 'एकता का महाकुंभ' बताया है। सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर स्नान की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।। उन्होंने इस अवसर पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम पर पूजा-अर्चना की और सर्वकल्याण की कामना की। अनुराग ठाकुर ने अपनी पोस्ट में कहा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती के शुभाशीष से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। उन्होंने महाकुंभ को 'एकता का महाकुंभ' बताने के साथ ही कहा कि यह भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक भी है।

यूपी में 12वीं पास से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए 11335 पदों पर भर्ती

लखनऊ, 08 फरवरी (एजेंसी)। राष्ट्रीय ग्रामीण मनोरंजन मिशन सोसाइटी, उत्तर प्रदेश ने 12वीं पास, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवारों के लिए 11 हजार से अधिक पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती अभियान के तहत कंप्यूटर असिस्टेंट, कॉर्डिनेटर, फैसिलिटेटर, एमटीएस जैसे पद भरे जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन 20 फरवरी 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 11,335 पदों को भरा जाएगा। यह भर्ती तीन साल के कॉन्ट्रेक्ट पर की जाएगी। प्रदर्शन के आधार पर इसे आगे बढ़ाया भी जा सकता है। यह संस्था विश्व बैंक द्वारा फंडेड है। यह भर्ती दीनदयाल उपाध्याय रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (डीडीयू आरजेडी), उत्तर प्रदेश के लिए है। केवल शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा एंड कंप्यूटर प्रोफिशियंसी टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा।

महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं का ट्रैवलर हादसे का शिकार, दो की मौत

शिमला, 08 फरवरी (एजेंसी)। प्रयागराज महाकुंभ से शाही स्नान कर लौट रहे चढ़ियार के 13 लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटनाग्रस्त 13 लोगों में से दो की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। मृतकों में चढ़ियार के डोली गांव की निर्मला उर्फ गुड्डी देवी पत्नी प्रीतम राणा और 50 वर्षीय सुरेंद्र राणा पुत्र कपूर चंद्र शामिल हैं। सुरिंदर राणा चढ़ियार से पत्रकार भी थे। इसके अलावा 62 वर्षीय सुदर्शन, 45 वर्षीय विपुल शर्मा, 50 वर्षीय जीवना देवी, 60 वर्षीय सुदेश कुमारी, 65 वर्षीय सुनील कुमारी, 56 वर्षीय कुसुम लता, 60 वर्षीय चंदी राणा, 50 वर्षीय अंजूबाला पत्नी सुरेंद्र राणा, 43 वर्षीय अंजना कुमारी पत्नी अनिल शर्मा, 55 वर्षीय रक्षा देवी पत्नी अर्जुन राणा, 68 वर्षीय शीलारानी पत्नी अशोक कुमार और 65 वर्षीय तंबो देवी पत्नी शांतिस्वरूप शर्मा घायल हो गई हैं।

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

अखिलेश यादव और केजरीवाल

अखिलेश यादव और केजरीवाल दिल्ली में कांग्रेस से अलग थे और आपस में साथ-साथ रहे, लेकिन कल आए चुनाव परिणाम ने इन दोनों नेताओं को हताश और निराश किया। कुछ प्रवक्ता कह रहे हैं कि अपनी और अपनी पार्टी की हार पर केजरीवाल तो संतुलित होकर बयान दे रहे हैं, लेकिन मिल्कीपुर को लेकर मतदान के दिन से लेकर अब हार हो जाने तक अखिलेश यादव ने बहुत गलत-सलत बयान दिए। अरविन्द केजरीवाल और अखिलेश यादव ने और संसद में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के विरुद्ध टिप्पणी की थी, जिसकी चौतरफा निन्दा हुई थी। अब राहुल की टिप्पणी पर तो चुनाव आयोग ने कहा है कि वह तथ्यों के साथ उन्हें उत्तर देगा। कल आए चुनाव परिणाम से पता चलता है कि भारत की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग पर गुस्सा निकालने वाले नेताओं को आयोग की किसी टिप्पणी से पहले जनता ने सबक सिखा दिया है। अरविन्द केजरीवाल और अखिलेश यादव ये दोनों नेता पराजय को लेकर तो ट्रोल हो ही रहे हैं, लेकिन जिस तरह इन दोनों ने चुनाव आयोग पर घोर आपत्तिजनक टिप्पणियां की, उसे लेकर ये दोनों नेता एनडीए नेताओं और सामान्यजन के निशाने पर भी आ गए हैं। अखिलेश यादव के लिए कल शनिवार का दिन अहम रहा। उन्हें दिल्ली चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव के दोनों मोर्चों पर करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। अखिलेश यादव ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया था। यूपी में सहयोगी कांग्रेस वहां अलग चुनावी मैदान में थी, लेकिन अखिलेश ने सहयोगी को नजर अंदाज कर दिया। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के तहत अखिलेश यादव और कांग्रेस ने मिलकर प्रदेश में चुनाव लड़ा और बड़ी जीत हासिल की थी। दिल्ली चुनाव आते-आते अखिलेश यादव और कांग्रेस के बीच दूरी बढ़ती दिखी। दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल के साथ मंच शेयर करते हुए अखिलेश ने कांग्रेस पर संकेतों में निशाना भी साधा था। इसको लेकर प्रतिक्रिया यूपी तक से आई थी। ऐसे में अब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं। अखिलेश यादव पिछले दिनों लगातार अपनी रणनीति को लेकर चर्चा में रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में बड़ी जीत के बाद माना जा रहा था कि विधानसभा चुनावों में अखिलेश यादव अपनी दमदार उपस्थिति दिखाते नजर आएंगे। लखनऊ छोड़कर दिल्ली जाने को भी इसी नजरिए से देखा जा रहा था, लेकिन ऐसा होता नहीं दिखा है। अब 2027 का विधानसभा चुनाव सामने है। अखिलेश यादव 10 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव में 8 सीटें हार चुके हैं। ऐसे में उनके सामने कांग्रेस के साथ गठबंधन की स्थिति में बारगेनिंग पावर कमजोर होती दिख रही है। अखिलेश यादव की पीडीए राजनीति अब धूमिल होती दिख रही है। अखिलेश यादव की रणनीति यूपी के उपचुनाव में नहीं चल पाई। दिल्ली में भी उनका फॉर्मूला सफल नहीं हो पाया। वह केजरीवाल को कोई फायदा नहीं दिला पाए। केजरीवाल ही को जनता ने नकार दिया। अखिलेश यादव से लेकर तमाम विपक्षी दलों के चेहरे जो अपने-अपने राज्यों में महत्वपूर्ण है, वह दिल्ली चुनाव में कोई बड़ी भूमिका निबाहने में सफल नहीं हुए है। अखिलेश यादव और केजरीवाल की सबसे अधिक आलोचना चुनाव आयोग को लेकर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर हो रही है। अब मिल्कीपुर हार के बाद अखिलेश, अफसरों को भी धमका रहे हैं। अखिलेश ने कहा है कि जिन अधिकारियों ने चुनावी घपलेबाजी का अपराध किया है, वो आज नहीं तो कल अपने लोकतांत्रिक अपराध की सजा पाएंगे। एक-एक करके सबका सच सामने आएगा। न कुदरत उन्हें बख़्शेगी, न कानून। भाजपाई उनका इस्तेमाल करके छोड़ देंगे, उनकी ढाल नहीं बनेंगे, जब उनकी नौकरी और पेंशन जाएगी, तो वो अपने बच्चों, परिवार और समाज के बीच अपमान की ज़िंदगी की सजा अकेले भुगतेंगे। समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर एक विवादित पोस्टर ने राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। लखनऊ में विक्रमादित्य मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर लगे इस पोस्टर में चुनाव आयोग पर भाजपा को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया गया है। पोस्टर में लिखा है, भाजपा को संरक्षण देने वाला चुनाव आयोग ये 'कफन' ओढ़ ले। अखिलेश ने मिल्कीपुर में हार के बाद सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पीडीए की बढ़ती शक्ति का सामना भाजपा वोट के बल पर नहीं कर सकती है, इसीलिए वो चुनावी तंत्र का दुरुपयोग करके जीतने की कोशिश करती है, ऐसी चुनावी धांधली करने के लिए जिस स्तर पर अधिकारियों की हेराफेरी करनी होती है, वो एक विधानसभा में तो भले किसी तरह संभव है, लेकिन 403 विधानसभाओं में ये चार सौ बीसी नहीं चलेगी। इस बात को भाजपावाले भी जानते हैं, इसीलिए भाजपाइयों ने मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला था। पीडीए मतलब 90 प्रतिशत जनता ने खुद अपनी आँखों से ये धांधली देखी है। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर सपा लगातार पक्षपात का आरोप लगा रही है। इसी क्रम में गोरखपुर में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने बकायदा घंटे के साथ शवयात्रा निकाली और विरोध जताया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही। सपा की हताशा पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि मिल्कीपुर में हार की हताशा में सपा ने झूठ फैलाए। अखिलेश यादव प्रोपेगेंडा पॉलिटिक्स के चैंपियन बन गए झूठे ऑडियो वीडियो और फोटो के द्वारा हार की हताशा मिटाने का प्रयास कर रहे हैं। परिणाम के बाद अब ईवीएम पर भी ठीकरा फोड़ेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव और मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव के नतीजे आते ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत, झूठ और लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मिल्कीपुर के मतदाताओं का धन्यवाद किया और लिखा जय श्री राम। उन्होंने कहा कि लूट और झूठ की राजनीति का पदार्फाश हुआ है। अब हम कह सकते हैं कि दिल्ली भी विकास का साधन बनेगी और दिल्लीवासियों को उन सभी वेलफेयर स्कीम का लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा के चुनाव में जनता ने, समाजवादी पार्टी के परिवारवाद और झूठ की राजनीति को नकारते हुए, डबल इंजन सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के मॉडल पर भरोसा जताया है।

चार मोती

सुनील उत्सव

"शक्ल" "सिलसिले" "सियासत" "पैंतरे"

शक्ल से शैतान बाहर आ रहा है,
अब तुम्हारे सिलसिले खुलने लगे हैं।
चल न पाएगी सियासत अब तुम्हारी,
अब तुम्हारे पैंतरे खुलने लगे हैं।

देश की पहली साबरमती के बुलेट ट्रेन स्टेशन पर लगी भयानक आग

अहमदाबाद, 08 फरवरी (एजेंसी)। अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन को चलाने के लिए तेजी से काम चल रहा है। सरकार की कोशिश है कि इस मार्ग पर साल 2026 तक बुलेट ट्रेन को शुरू कर दिया जाए, लेकिन इसी बीच शनिवार सुबह अहमदाबाद में निर्माणाधीन साबरमती बुलेट ट्रेन स्टेशन पर भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। आग ने स्टेशन के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है, लेकिन राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत नहीं हुआ है। फायर डिपार्टमेंट के अधिकारियों के अनुसार, आग सुबह 6.30 बजे लगी। सूचना मिलते ही 14 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। मुंबई से अहमदाबाद के बीच पहली बुलेट ट्रेन चलाने के लिए काम जोर-शोर से चल रहा है। इसके लिए जगह-जगह पर रेलवे स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं, जहां बुलेट ट्रेन रुकेगी। इसी क्रम में साबरमती में भी बुलेट ट्रेन के ठहराव के लिए रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं शनिवार सुबह निर्माणाधीन साबरमती बुलेट ट्रेन रेलवे स्टेशन पर आग लगने की खबर आई है। एक अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि वैल्डिंग के दौरान निकलने वाली चिंगारी से रेलवे स्टेशन पर आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे आग लगी है, उन्होंने कहा कि 13 दमकल गाड़ियों को मौके पर लगाया गया है और आग पर काबू पा लिया गया है। परियोजना का कार्य देख रही नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) की ओर से इस संबंध में बयान जारी किया गया है। जारी बयान के अनुसार, निर्माण स्थल के एक हिस्से की छत पर लगी स्टाटरिंग में आग लगने की सूचना मिली थी। इसमें कहा गया कि वैल्डिंग की चिंगारी से आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है। इस मामले में जारी बयान में कहा गया है, आग लगने की वजह से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी ने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि वैल्डिंग की चिंगारी से आग लगी होगी। एनएचएसआरसीएल के अधिकारी घटनास्थल पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि यह स्टेशन 508 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का हिस्सा है। इस परियोजना में गुजरात (352 किमी) और महाराष्ट्र (156 किमी) शामिल हैं, जिसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद/नडियाद, अहमदाबाद और साबरमती में कुल 12 स्टेशनों की योजना बनाई गई है। इन स्थानों पर ट्रेन का संचालन किया जायेगा।

आई हास्पिटल से नेत्र रोगियों को मिलेगी राहत: मंत्री कपिलदेव

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बुस.)। मेरठ रोड पर विकास प्राधिकरण कार्यालय के सामने केशवदास शांतिदेवी लायंस आई चेरिटेबल ट्रस्ट (रजि) द्वारा निर्माणाधीन लायंस केशव आई क्लीनिक के सामने समस्त लायंस क्लब मुजफ्फरनगर के द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने की। शिविर में आए लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए ला.कुंजबिहारी अग्रवाल ने सर्वप्रथम नवनिर्माणाधीन आई हॉस्पिटल की प्रगति से सभी को अवगत कराया। लायंस केशव आई क्लीनिक की प्रथम शिविर की संयोजिका एवं पीआरओ डॉ. अनुराधा वर्मा ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों का पंजीकरण करके उनके नेत्रों का परीक्षण किया गया तथा काफी मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित कर ऑपरेशन के लिए उन्हें बस द्वारा गाजियाबाद भेजा गया। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि इस जनपद के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि इस जनपद में करोड़ों रुपए की लागत से मल्टी स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल बनने जा रहा है, जिसके लिए लायंस क्लब मुजफ्फरनगर एवं अन्य सभी लायंस क्लब एवं लायन बन्धु साधुवाद के पात्र है। शिविर में नेत्र परीक्षण से पूर्व सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच की गई। लाभार्थियों को नए हॉस्पिटल के बारे में राजन अग्रवाल द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उद्यमी नीलकमल पुरी, गिरिराज माहेश्वरी, अंकित संगल, सतीश गोयल, ममता अग्रवाल भाजपा नेत्री, दीप अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, वैभव गोयल, आशीष बंसल, आर.के. गोयल, मनोज जैन, विपिन संगल, डॉ. मनोज काबरा, डॉ. अरूण अरोरा, पूर्व विधायक अशोक कंसल, समाजसेवी राजीव वत्स, शुभम वत्स, कीमती लाल जैन, सत्यप्रकाश रेशु, डॉ. एससी गुप्ता, जगरोशन, ओडी शर्मा, अर्जुन गुप्ता, भूपेंद्र गोयल, योगेंद्र कुमार काम्बोज, अशोक अग्रवाल, विपुल भटनागर, कुशपुरी, डॉ. पी.के.काम्बोज, पूर्व चेयरमैन पंकज अग्रवाल, राकेश शर्मा, राघव स्वरूप, नीरज साहनी, गौरव गोयल, संजय गोयल, मुकेश सिंघल नोएडा वाले, अचल गुप्ता, अनुज बंसल, शशांक जैन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मरीजों का पंजीकरण अंकुर सिंघल ने किया। लायंस क्लब मुजफ्फरनगर द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि अब से प्रत्येक माह नेत्र परीक्षण शिविर लगाया जायेगा। सभी मरीजों एवं अतिथियों के लिए जलपान एवं भोजन की सुंदर व्यवस्था की गई।

स्पेस एंड रोबोटिक्स एजूकेशन में विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल विकास का बेहतर मंच: अनुभव

- एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. एंड टैक्नोलोजी में होगी सैट-1 रॉकेट की आज लांचिंग - कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार की मौजूदगी में होगा कार्यक्रम

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। शिक्षा क्षेत्र में जनपद ने एक और नया आयाम स्थापित करने की दिशा में आगे कदम बढ़ाए हैं। इंजीनियरिंग और टैक्नोलॉजी एजूकेशन में इतिहास रचने वालों की सूची में जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी योगी सरकार के मंत्री की मौजूदगी में यूपी की पहली स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब का साक्षी बनेगा, जहां विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए सैट-1 रॉकेट की लांचिंग किए जाने की तैयारी कर ली गई है। इससे स्पेस एंड रोबोटिक्स एजूकेशन में यहां के विद्यार्थियों को कौशल विकास का बेहतर अवसर भी प्राप्त होगा। शनिवार को एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के सचिव एवं प्रबंधक अनुभव कुमार ने कॉलेज की इस उपलब्धि की मीडिया से जानकारी साझा करते हुए बताया कि एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी मुजफ्फरनगर में 09 फरवरी, दिन रविवार को अंतरिक्ष अनुसंधान क्षेत्र में एक मील का पत्थर स्थापित करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को कॉलेज में स्थापित यूपी की पहली स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार प्रातः 10 बजे करेंगे। इस लैब में प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को यंत्रों के साथ ही अंतरिक्ष से जुड़ी सभी जानकारी दी जा रही है। कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किया गया एक सैट-1 नाम का रॉकेट छोड़ा जायेगा, जिसे आसमान में करीब दो से ढाई किमी की दूरी तय करने के बाद पैराशूट की मदद से उतारा जायेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत के किसी भी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किया पहला रॉकेट होगा, जिसे आसमान में छोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि कॉलेज में स्पेस एंड रोबोटिक्स लैब स्थापित करने के लिए बीते 6 माह से कॉलेज और इस क्षेत्र में कार्यरत इंडोप्लेनेटएक्स स्पेस वॉल्ट एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया है। इस लैब को स्थापित करने के लिए 6.50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं, जिससे मैकेनिकल इंजीनियरिंग के साथ ही कम्प्यूटर साइंस की शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को भी शिक्षित किया जा सकेगा। विद्यार्थियों में लैब से जुड़ने के लिए उत्साह है और अभी तक 11 छात्र-छात्राओं को इससे जोड़ा गया है। इस दौरान कॉलेज कमेटी उपाध्यक्ष विनोद कुमार और कॉलेज के डॉयरेक्टर डॉ. सिद्धार्थ शर्मा भी मौजूद रहे।

इसरो से मान्यता प्राप्त कंपनी देगी बच्चों को नई पहचान: अंकित

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्रोलोजी में सैट-1 रॉकेट की लांचिंग की शुरू तैयारियों के बीच शनिवार को इंडोप्लेनेटएक्स कंपनी सीईओ इंजी. अंकित कुमार ने बताया कि 9 फरवरी को कॉलेज परिसर से रॉकेट सैट-1 को छोड़े जाने की तैयारियों के बीच पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के मेधावी छात्र-छात्राओं द्वारा इंडोप्लेनेटएक्स के वैज्ञानिकों की देखरेख में तैयार किया गया है। इसरो से मान्यता प्राप्त कंपनी अपनी 40 सदस्यीय टीम के साथ आईआईटी रुड़की में स्पेस एंड रोबोटिक्स के साथ ही एआई पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की पहली स्पेस ट्रेनिंग लैब कॉलेज में है, जबकि उत्तराखंड में ऐसी ही एक लैब बनी है। इसमें 75 प्रतिशत शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रैक्टिकल बेस नॉलेज पर आधारित है ताकि विद्यार्थियों को सीधे सिखाया जा सके। सैट-1 शुगर कैंडी बेस रॉकेट है, इसमें पोटेशियम नाइट्रेट आधारित फ्यूल रखा गया है और इसका वजन एक से डेढ़ किग्रा रहेगा, जो चार किमी ऊंचाई तक पहुंच सकता है, लेकिन फिलहाल इसमें उड़ान 2.5 किमी रखी है। अपनी ऊंचाई तक जाने पर इसका फ्यूल खत्म हो जायेगा, जिसके बाद इसमें एक पैराशूट खुलेगा, जो इसे धीमी रफ्तार से लैंड कराने में मदद करेगा। इसमें अल्टीमेटर लगाया है, जो इसे कमांड करने में सहायक होगा और लोकेशन के बारे में स्पेस लैब को इंडीकेशन देगा। इस लैब के सहारे बच्चों को एडवांस टैक्नोलॉजी के बारे में जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी और उनका स्किल डवलपमेंट करने में यह सहायक सिद्ध होगी।

मन्सूपुर थाने पर डीआईजी अभिषेक सिंह ने सुनी शिकायतें

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। शनिवार को जनपद के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीआईजी अभिषेक सिंह ने मन्सूपुर थाने पर पहुंचकर पीड़ितों की समस्याओं को सुना। अधिकारियों ने शिकायत सुनने के पश्चात समस्याओं का निस्तारण भी किया। कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए कमेठी गठित की गयी है। डीआईजी अभिषेक सिंह ने शनिवार को मन्सूरपुर थाने पर पहुंचकर समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्याओं को सुना। थाना प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि डीआईजी के सामने तीन शिकायतें पहुंची थी, जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। एक शिकायत के निस्तारण के लिए कमेठी बनाई गयी है। नई मंडी थाने पर समाधान दिवस में चार शिकायतें आयी। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया है, एक शिकायत का जल्द ही निस्तारित करा दिया जाएगा। खालापार थाने पर समाधान दिवस में दो शिकायत पहुंची, जिसमें एक का मौके पर निस्तारण करा दिया गया है। इसके अलावा थाना सिविल लाइन व शहर कोतवाली में समाधान दिवस पर कोई शिकायत नहीं पहुंची है।

बदमाश की निशानदेही पर लूटे गए जेवरात किये बरामद

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने बिलासपुर में पड़ी डकैती में बदमाश का सात घंटे का पुलिस कस्टडी रिमांड कोर्ट से लेकर उसकी निशानदेही पर मन्सूरपुर क्षेत्र से लूटे गए जेवरात बरामद किए है। पुलिस ने रिमांड पूरा होने पर बदमाश वापस जेल में दाखिल कर दिया है। एसआई मोहित सिंह ने बताया कि नईमंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलासपुर में 10 सितम्बर 2024 की रात बदमाशों ने पूरे परिवार को बंधक बनाकर लाखों की डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए 03 बदमाशों को गिरफ्तार किया था। इस गैंग का 25 हजार के इनामी बदमाश अजयवीर को पुलिस ने मुठभेड में ढ़ेर कर दिया था। गैंग का शातिर बदमाश आकाश निवासी अभीपुरा थाना मन्सूरपुर पुलिस के डर से शाहपुर के मुकदमे में सरेंडर कर जेल चला गया था। शनिवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उसे सात घंटे के पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर मन्सूरपुर क्षेत्र से दो पायल व दो बिछुए बरामद किए हैं। पुलिस ने वापस उसे जेल भेज दिया है। इस गैंग का मुखिया विनोद गडरिया व संदीप पाल अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

4 दिन से गायब है टिन्नी

बुढ़ाना, 8 फरवरी (बु.)। बीती 05 फरवरी से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हुए बुढ़ाना कस्बे के गौरव उर्फ टिन्नी का अभी तक भी कुछ पता नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार सौरव पुत्र स्वर्गीय सुशील कुमार निवासी मोहल्ला भटवाड़ा बुढ़ाना ने आज बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका सगा भाई गौरव उर्फ टिन्नी बीती 05 फरवरी की शाम लगभग साढ़े 4 बजे घर से बिना बताये कहीं पर चला गया है, जिसकी दिमागी हालत सही नहीं है। यह पहले भी एक बार घर से लापता हो गया था, जो बाद में मिल गया था। शौरव ने बुढ़ाना पुलिस से अपने भाई की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

REQUIRED
Teachers For Class Play to UKG
THE PINE CREST SCHOOL
Jansath Road, Muzaffarnagar
Contact-6396182988

शाहपुर में भी हुआ दिल्ली जीत का जोरदार जश्न

शाहपुर, 08 फरवरी (बु.)। 27 वर्ष के राजनीतिक वनवास के बाद दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत एवं यूपी के अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा की बड़ी जीत की खुशी में शाहपुर में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपाइयों ने आतिशबाजी, मिष्ठान वितरण एवं नारेबाजी कर जश्न मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, व्यापारी नेता श्याम सिंह सैनी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, आरएसएस नेता मणिकांत मित्तल, मदन जैन, पंकज शर्मा, आदेश मित्तल, जितेंद्र शोरम, संजीव देशवाल, अमन मित्तल, मुकेश सैनी, विशाल करनवाल, शान आतिशबाजी वाले, सभासद विशाल गर्ग, अनिल बंसल, विनोद कुमार आरा मशीन वाले, अशोक वर्मा, विनोद वर्मा, अनिल गोयल आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

793 लीटर अवैध शराब को गड्ढा में दबवाकर निस्तारण किया

शाहपुर, 08 फरवरी (बु.)। थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 16 अभियोगों से संबंधित 793 लीटर अवैध शराब का निस्तारण किया। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि शाहपुर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर थाने पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम के 16 अभियोगों से संबंधित कुल 793 लीटर अवैध शराब को गड्ढा खुदवाकर उसमें दबवाकर निस्तारण किया गया। इस दौरान शाहपुर थाने के थाना अध्यक्ष के अलावा हेड मोहर्रिर मौजूद रहे।

एसडीएम व सीओ ने संत रविदास जयंती की तैयारियों के संबंध में की बैठक

चरथावल, 08 फरवरी (बु.)। थाना परिसर में संत शिरोमणि रविदास जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा व सीओ सदर राजू कुमार साव ने ग्रामीणों को कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही अराजकता फैलाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कहते हुए कहा कि बगैर आज्ञा के किसी भी गांव में शोभायात्रा नहीं निकाली जाएगी। चरथावल थाना प्रांगण में शनिवार को एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर राजू कुमार साव, चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह द्वारा संत रविदास जयंती पर्व को लेकर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, रविदास जयंती के आयोजकों व संभ्रात व्यक्ति संग शांति समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में एसडीएम सदर निकिता शर्मा व सीओ सदर राजू कुमार साव ने आपसी सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि किसी को भी कानून के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा और कोई भी नई परंपरा नहीं चलाने दी जायेगी। अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है, तो प्रशासन को अवगत कराएं, समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे कि एक दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों। शोभायात्रा परंपरागत मार्गों से ही निकाली जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, कानूनगो हितकर, प्रवीण गुप्ता, हुसैन प्रधान, संजय प्रधान, हाजी मौ. रजा प्रधान, कामिल प्रधान आदि मौजूद रहे।

अमेरिका में ट्रंप को झटका, ट्रेजरी विभाग तक पहुंच और कर्मचारियों की छंटनी पर रोक

वॉशिंगटन, 08 फरवरी (एजेंसी)। अरबपति कारोबारी एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग की ट्रेजरी विभाग के दस्तावेजों तक पहुंच को रोक दिया गया है। इसको लेकर अमेरिका के एक जज ने शनिवार को आदेश जारी किया। इन दस्तावेजों में सोशल सिक्योरिटी नंबर और बैंक खाता नंबर जैसे निजी डाटा शामिल हैं। डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ दायर किए गए मुकदमे के बाद डिस्ट्रिक्ट जज पॉल एंगलमेयर ने यह आदेश जारी किया। आरोप है कि ट्रंप प्रशासन ने मस्क की टीम को ट्रेजरी विभाग की केंद्रीय भुगतान प्रणाली तक पहुंच दी, जो संघीय कानून का उल्लंघन है। ट्रेजरी विभाग की यह भुगतान प्रणाली टैक्स रिफंड, सोशल सिक्योरिटी लाभ, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाले लाभों और अन्य कई वित्तीय योजनाओं से जुडी है, जिसमें हर साल लाखों करोड़ों डॉलर का लेन-देन होता है। इस प्रणाली में नागरिकों का निजी और वित्तीय संग्रहित किया जाता है, जिस तक असुरक्षित तरीके से पहुंच की संभावना से अमेरिकी नागरिकों की चिंता बढ़ गई है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान सरकारी दक्षता विभाग बनाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य सरकारी खर्च नियंत्रित करना और उसमें कटौती करना है। हालांकि, मस्क के नेतृत्व वाले इस विभाग को ट्रेजरी विभाग के दस्तावेजों तक पहुंच मिलने के बाद इसकी आलोचना शुरू हो गई थी। कई आलोचकों का कहना था कि इससे मस्क की ताकत बढ़ सकती है और इसका सरकार की वित्तीय प्रक्रियां पर गलत असर पड़ सकता है। वहीं, मस्क के समर्थक इसे सरकार वित्तीय खर्चों पर नियंत्रण पाने की एक अच्छी पहल मानते हैं। न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशा जेम्स ने मुकदमा दायर की था। उनका आरोप था कि सरकारी दक्षता विभाग को ट्रेजरी विभाग के डाटा तक पहुंच देने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और सरकारी पैसे को गलत तरीके से रोका जा सकता है। उनका यह भी कहना था कि इस विभाग को दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति द्वारा चलाया जा रहा है, जिनको इस संवेदनशील जानकारी तक पहुंच का अधिकार नहीं होना चाहिए।

मिल्कीपुर उपचुनाव: योगी और संघ की रणनीति ने खिलाया कमल

लखनऊ, 08 फरवरी (एजेंसी)। मिल्कीपुर में भाजपा को मिली जीत ने डैमेज कंट्रोल किया है। लोकसभा चुनाव में पिछले साल फैजाबाद सीट हारने के जख्म पर यह जीत मरहम का काम कर गई। यह सीट भाजपा के लिए नाक का सवाल बन गई थी। इसके चलते भाजपा सहित संघ व उसके सम वैचारिक संगठनों ने पूरी ताकत झोंक दी थी। संघ का मानना है कि सीएम योगी के कुशल चुनाव प्रबंधन ने जीत की पटकथा लिखी। कुछ ही महीनों पहले लोकसभा चुनाव में भाजपा को फैजाबाद सीट पर हार मिली थी। यह हार तब मिली थी जब पांच सौ सालों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हुआ था। पीएम मोदी ने अपने हाथों से राममंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस समारोह के साक्षी देश-विदेश के आठ हजार मेहमान बने थे। इससे पहले 34 हजार करोड़ की योजनाओं से अयोध्या का कायाकल्प भी हुआ था, लेकिन लोकसभा चुनाव में अयोध्या सीट पर भाजपा को पराजय का मुंह देखना पड़ा। इस बीच मिल्कीपुर में उपचुनाव की बारी आई तो भाजपा ने जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरा दम लगा दिया। भाजपा के साथ पर्दे के पीछे से संघ ने भी कमान संभाल ली। मिल्कीपुर क्षेत्र में संघ, विद्यार्थी परिषद व अन्य संगठनों के करीब 450 कार्यकर्ताओं ने एक महीने तक दिन-रात काम कर वोटरों को जोड़ने का काम किया। राममंदिर ट्रस्ट से जुड़े डॉ. अनिल मिश्र, विहिप के विजय प्रताप व संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह के नेतृत्व में संघ के कार्यकर्ताओं ने 20 दिनों तक कैंप कर

जीत की रणनीति तैयार की। 255 पोलिंग स्टेशनों पर छोटी-छोटी बैठक, चाय-पान की दुकान पर चर्चा आदि के माध्यम से योगी सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। बूथ विजय अभियान के जरिये विधानसभा क्षेत्र के 80 बूथों पर रामलला का प्रसाद घर-घर पहुंचाकर मतदाताओं को भावनात्मक रूप से भाजपा से जोड़ने की कोशिश कामयाब रही। राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भी लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार ने पूरे देश के रामभक्तों को हतप्रभ कर दिया था। सोशल मीडिया के माध्यमों से लोगों ने खूब भड़ास निकाली थी। अयोध्यावासियों को जमकर कोसा, तरह-तरह के ताने सुनने को मिल रहे थे। इस बार मतदाताओं ने लोगों को कोसने का मौका नहीं दिया और एक बड़ी जीत भाजपा की झोली में डाल दी। इसलिए मिल्कीपुर की जीत को डैमेज कंट्रोल माना जा रहा है। विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला कहते हैं कि जनता ने यह साबित कर दिया है कि राष्ट्रवाद व सुशासन ही उसकी पहली पसंद है।

पाकिस्तान को भारतीय सेना की खुफिया रिपोर्ट देने वाला गद्दार जवान गिरफ्तार

अमृतसर, 08 फरवरी (एजेंसी)। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को भारतीय सेना की खुफिया जानकारी मुहैया करवाने के मामले में अमृतसर जिला देहाती पुलिस ने भारतीय सेना के ही एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी का नाम संदीप सिंह है और पटियाला का रहने वाला है। इस मामले में पहले भी भारतीय सेना के दो जवानों को गिरफ्तार किया जा चुका है, अब इस तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी देहाती चरणजीत सिंह ने बताया कि आरोपी अपने दो साथियों अमृतपाल सिंह और राजवीर सिंह निवासी तरन तारण के साथ मिलकर आईएसआई के लिए काम कर रहा था। इनमें से आरोपी अमृतपाल को तीन दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जो की अपने घर छुट्टी पर आया हुआ था और अपने दो अन्य साथियों के साथ है हीरोइन सप्लाई करने के लिए जा रहा था। अमृतपाल सिंह और उसके दो अन्य साथियों से आधा किलो हीरोइन, एक पिस्टल, 10 लाख की ड्रग मानी और वरना गाड़ी बरामद की है। उसी से पूछताछ के दौरान पता चला कि इसके दो अन्य साथी राजवीर सिंह और संदीप सिंह जो कि इसके साथ भारतीय सेना में ही हुआ ओर की खुफिया रिपोर्ट पाकिस्तान को मुहैया करवा रहे हैं। इसके बाद एक टीम नासिक भेज कर राजवीर सिंह को पकड़ा गया, जबकि तीसरा आरोपी संदीप सिंह पटियाला का रहने वाला है और वह भी छुट्टी पर आया हुआ था। उसे पटियाला से गिरफ्तार किया गया है।

किरण रानी पं. स्कूल
सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर
प्रवेश प्रारम्भ
प्ले से कक्षा 4 तक योग्य, अनुभवी एवं निष्ठावान शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण कार्य, स्कूल में स्वच्छ एवं हवादार वातावरण, खेलने-कूदने की सुन्दर व्यवस्था, छोटे एवं बड़े बच्चों के खेलने के सभी उपकरण उपलब्ध हैं। सबसे बड़ी विशेषता बच्चों को संस्कारवान बनाना।
एक अनुभवी आया की भी आवश्यकता है।
सम्पर्क करें : प्रातः 10 से 12 बजे तक
अध्यक्ष/प्रा.

शर्मसार नहीं रिश्तों को किया तार-तार : शौकिक ने अपनी ही नाबालिग बेटी से किया दुष्कर्म

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। दुनिया में ऐसे नीच पिता भी होते हैं, यह शायद कभी-कभी सुनने में आता है। ऐसा ही एक मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मौहल्ले से सामने आया। आरोप है कि 7-8 फरवरी की रात दो बजे एक नाबालिग चारपाई पर सो रही थी, जबकि उसी का पिता शौकिक दूसरे कमरे में सोया हुआ था। नाबालिग का कहना है कि रात में उसका पिता उसके पास आया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता नग्न अवस्था में ही जान बचाकर घर के बाहर पहुंची और शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सबसे पहले किशोरी को कपड़े पहनाये गये और उसके बाद थाना सिविल लाइन को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया। पीड़िता का बताना है कि यह उसके साथ पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी कई बार उसके साथ उसका पिता दुष्कर्म कर चुका है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर लेकर उसे मैडिकल के लिए भेज दिया है। जल्द ही कोर्ट में पीड़िता के बयान दर्ज कराये जायेंगे। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नाबालिग की मां का देहात बचपन में ही हो गया था और उसका भाई भी उसे छोड़कर बिहार अपनी मौसी के पास रहने लगा था। नीच पिता युवती के अकेलेपन का फायदा उठाकर अपनी ही पुत्री के साथ ऐसा कर डाला।

जहरीली शराब पीने से अब तक सात लोगों की मौत

बिलासपुर 08 फरवरी (वार्ता) छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जहरीली महुआ शराब पीने से सरपंच के भाई समेत अब तक 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 की हालत गंभीर है, जिनका सिम्स में इलाज जारी है। हालांकि मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी। घटना कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी की है। मौतों की शुरुवात बुधवार को हुई पहले एक की मौत हुई, फिर दो लोगों की जान गई, तब बीमारी समझकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। फिर बीती शुक्रवार की रात एक साथ चार लोगों की मौत हुई, तब कई दिनों से महुआ शराब पीने की सूचना मिली। मरने वाले सभी एक ही गांव के रहने वाले थे। जहरीली शराब पीने से जान गंवाने वालों में सरपंच रामाधार सुनहले का भाई रामू सुनहले भी शामिल है। पुलिस और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वेव्स सलाहकार बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की

नयी दिल्ली 08 फरवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मनोरंजन और संस्कृत कार्यक्रमों के सृजन का एक आकर्षक केंद्र के रूप में विकसित करने के सरकार के प्रयासों के तहत शुक्रवार रात "वेव्स " के सलाहकार बोर्ड की एक व्यापक बैठक की अध्यक्षता की। वेव्स विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का एक वैश्विक शिखर मंच है जो मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया की हस्तियों को एक साथ लाता है। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्यअभी-अभी मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन- वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक बड़ी बैठक संपन्न हुई। इस सलाहकार बोर्ड के सदस्य , जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, जिन्होंने न केवल हमारे प्रति अपना समर्थन दोहराया, बल्कि भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने के हमारे प्रयासों को और कैसे बढ़ाया जाए, इस विषय पर बहुमूल्य जानकारी भी साझा की।"

दिल्ली सरकार के कार्यालयों से फाइल, कंप्यूटर बाहर ले जाने पर रोक

नयी दिल्ली, 08 फरवरी (वार्ता) दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में पत्रावलियों, दस्तावेजों, कंप्यूटर और संबंधित उपकरणों को कार्यालय से बाहर ले जाने पर शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना के बीच जारी एक आदेश में कहा गया है कि यह आदेश सचिवालय के कार्यालयों और मंत्रियों के कैंप आफिस तथा कैंप आफिस के प्रभारियों के कार्यालय पर भी लागू होंगे। दिल्ली सरकार के सामान्य सामान्य प्रशासनिक विभाग (जीएडी) के संयुक्त सचिव प्रदीप तायल के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है, ह्यदस्तावेजों की सुरक्षा की चिंता को देखते हुए यह आवशयकता है कि दिल्ली सचिवालय परिसर से जीएडी की अनुमति के बगैर कोई पत्रावली/दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर इत्यादि को बाहर न ले जाया जाए। पत्र में कहा गया है कि सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी इस आदेश के अनुपालन के संबंध में सभी शाखा कार्यालय प्रभारियों, विभागों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

अमेरिका: दुर्घटनाग्रस्त विमान अलास्का में मिला, सभी यात्रियों की मौत

सैन फ्रांसिस्को, 08 फरवरी (वार्ता) यूएस कोस्ट गार्ड ने शुक्रवार को कहा कि उसे एक दुर्घटनाग्रस्त विमान मिला है, जिसका विवरण गुरुवार को अलास्का के पश्चिमी तट से लापता हुए विमान से मेल खा रहा है, जिसमें 10 लोग सवार थे।

दुर्घटनाग्रस्त विमान पश्चिमी अलास्का के शहर नोम से लगभग 54 किमी दक्षिण पूर्व में पाया गया। यूएस कोस्ट गार्ड ने बताया कि विमान में सवार सभी 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। विमान के मलबे को खराब मौसम और कम दृश्यता के बीच घंटों चले तलाशी अभियान के बाद खोजा गया। अलास्का सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, बेरिंग एयर का सिंगल-इंजन विमान के गुरुवार दोपहर लापता होने की सूचना प्राप्त हुई थी। यूएस कोस्ट गार्ड ने पुष्टि की कि एक पायलट सहित 10 यात्री सवार थे, जो अलास्का के पश्चिमी में स्थित उनालाक्लीट से नोम जा रहा था।

दिल्ली में 11 साल पुराना सम्मान भी पाने को तरस रही कांग्रेस, 15 साल से मिल रही जीरो

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस गत दो बार की तरह इस बार फिर खाता नहीं खोल सकी। जबकि इस बार कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी और उसके बड़े नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत तमाम राष्ट्रीय नेताओं ने प्रचार किया था। इसके अलावा जनता को अपनी ओर मोड़ने के लिए भाजपा व आम आदमी पार्टी से भी अधिक जनकल्याणी योजनाएं शुरू करने का वादा किया था, लेकिन दिल्ली का मतदाता उसकी ओर नहीं झुका। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के तमाम नेताओं ने दावा किया था कि उनकी पार्टी अपनी पुरानी राजनीतिक जमीन को वापस हासिल करने में सफल होगी। कांग्रेस ने इस चुनाव में कई वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा था। इसके अलावा कुछ नए चेहरों पर भी दांव लगाया था, जिनमें युवा नेताओं को ज्यादा प्राथमिकता दी गई थी। इसके अलावा कांग्रेस ने विशेष ध्यान उन क्षेत्रों में दिया था, जहां पारंपरिक रूप से उसकी मजबूत पकड़ रही थी, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद कांग्रेस अपनी पुरानी स्थिति को भी पुनः प्राप्त नहीं कर सकी। इतना ही नहीं, उसे वर्ष 2013 के चुनाव वाला भी सम्मान प्राप्त नहीं हो सका। उस समय उसने आठ सीटें जीती थीं। लिहाजा उसके प्रदर्शन में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला। जबकि वर्ष 2013 से पहले कांग्रेस के पास एक मजबूत जनाधार था। उसने वर्ष 1998, 2003 व 2008 में सरकार बनाई थी। इस तरह 2025 का यह परिणाम एक बड़ा झटका है क्योंकि दिल्ली के चुनावों में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच कड़ी टक्कर थी और कांग्रेस ने उम्मीद की थी कि वह अपनी पुरानी स्थिति को वापस पा सकेगी।

अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने चिकित्सक दम्पत्ति को किया घायल

भोपा, 08 फरवरी (बु.)। जानसठ मार्ग स्थित शीला मेमोरियल क्लिनिक पर आए तीन नकाबपोश हमलावरों ने चिकित्सक दम्पत्ति व स्टाफ को तमंचे से वार कर घायल कर दिया। चिकित्सक ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना भोपा क्षेत्र के गांव मोरना में जानसठ रोड पर डॉ. पीतम सिंह व उनकी पत्नी डॉ. सुषमा का शीला मेमोरियल के नाम से क्लीनिक है। डॉ. पीतम अपने परिवार के साथ क्लीनिक पर ही रहते हैं। शनिवार की रात्रि 9 बजे तीन नकाबपोश क्लिनिक पर आए, जिनमे दो बदमाश ने मास्क लगा रखा था तथा एक बदमाश ने बुर्का पहन रखा था। तीनों मरीज दिखाने के बहाने से क्लिनिक पर आए। जैसे ही डॉ. सुषमा ने बुर्का पहने हुए व्यक्ति को देखना शुरू किया, तो एक बदमाश ने स्टाफ नर्स सपना का मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचे की बट से उसके सिर पर वार कर दिया, तभी वहां मौजूद दूसरी स्टाफ नर्स किरण ने शोर मचा दिया।

बदमाशों ने सपना का मुंह बंद करने का प्रयास किया, जिसके बाद बदमाश तीनों को तमंचे के बल पर ऊपर मकान में ले जाने लगे, तभी शोर सुनकर ऊपर से डॉ. पीतम व उनका पुत्र आदित्य भी आ गया, जिसके बाद बदमाशों ने डॉ. पीतम व उनकी पत्नी डॉ. सुषमा के ऊपर तमंचे की बात से वार कर दिया, जिसमें डॉक्टर पीतम के सिर में व डॉ. सुषमा के हाथ व पैर में चोटें आई। अपने को घिरता देख बदमाश वहां से फरार हो गए। बदमाश अपने साथ स्टाफ नर्स सपना का मोबाइल भी ले गए। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने घटना की जानकारी की तथा आसपास बदमाशों की तलाश की। चिकित्सक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर घटना के खुलासे की मांग की है।

आप-दा से बाहर निकल आये दिल्ली वाले, दिल खोलकर दिया जनादेश : नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बढ़ाया कार्यकर्ताओं का उत्साह, जनता का किया अभिनंदन

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करके भाजपा ने 27 साल का सूखा खत्म कर दिया है। भारी बहुमत से चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जीत के जश्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। भाजपा मुख्यालय पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और दिल्ली की जनता को जीत की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आप-दा वाले यह कहकर राजनीति में आए थे कि राजनीति बदल डालेंगे, लेकिन ये कट्टर बेईमान निकले। मैं आज अन्ना हजारे जी का बयान सुन रहा हूं। वे काफी समय से आप-दा वालों के कुकर्मों की पीड़ा झेल रहे हैं। आज उनको भी पीड़ा से मुक्ति मिली होगी। जिस पार्टी का जन्म ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन से हुआ, वो ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई। उनके मुख्यमंत्री और मंत्री जेल गए। वे खुद को ईमानदार कहते थे और दूसरों को बेईमान कहते थे। शराब घोटाले ने दिल्ली को बदनाम किया। कोरोना काल में आप-दा वाले शीशमहल बना रहे थे। उन्होंने घोटाले छिपाने के लिए साजिश रचीं। हम पहले विधानसभा सत्र में सीएजी की रिपोर्ट सदन में रखेंगे। भ्रष्टाचार की जांच होगी। लूटने वालों को लौटाना होगा। ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि आज दिल्ली के लोगों में उत्साह और सुकून भी है। मैंने हर दिल्ली से प्रार्थना की थी भाजपा को सेवा का अवसर दीजिए है। दिल्ली के

हर परिवारीजन को मोदी को गारंटी पर भरोसा करने के लिए नमन करता हूं। दिल्ली की जनता ने दिल खोलकर प्यार दिया। दिल्ली के लोगों का यह प्यार और विश्वास हम पर कर्ज है। इसे अब दिल्ली की डबल इंजन सरकार तेजी से विकास करके चुकाएगी। आज की यह ऐतिहासिक विजय सामान्य विजय नहीं है। दिल्ली के लोगों ने आप-दा को बाहर कर दिया। एक दशक की आप-दा से दिल्ली मुक्त हुई। दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई। आंडबर, अराजकता, अहंकार और आप-दा की हार हुई है। इस नतीजे में भाजपा कार्यकर्ताओं की दिन रात की मेहनत, परिश्रम विजय को चारचांद लगाता है। सभी कार्यकर्ता विजय के हकदार हैं। सभी को विजय की बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने साफ किया कि दिल्ली की असली मालिक जनता है।

दिल्ली जीत और मोदी का वक्तव्य...

दिल्ली हमारे दिल में बसती है

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली हमारे दिल में बसती है। यहां की जनता को अब वर्ल्ड क्लास की सुविधाएं मिलेगी, जिस विकास की राह दिल्ली दो दशकों से देख रही थी अब इंतजार समाप्त हो गया है।

आप पार्टी का शार्ट सर्किट हुआ

पीएम मोदी ने दिल्ली की जीत पर अपने भाषण के दौरान कहा कि आज दिल्ली में शार्टकट राजनीति का शार्ट सर्किट हो गया है। आपने जो प्यार और विश्वास भाजपा पर जताया है, भाजपा उसका सवा गुना प्यार विकास के रूप में आपको देगी

दिल्लीवासियों ने आपदा को किया विदा

पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आज साबित कर दिया कि घमंड का शासन ज्यादा दिन तक नहीं चल सकता है। दिल्ली वासियों ने दिल्ली पर आयी आपदा को आज दिल्ली से विदा कर दिया है। दिल्ली को इस आपदा से मुक्त होने में एक दशक से ज्यादा का समय लगा और आज अराजकता और अहंकार की आपदा से मुक्त करा दिया है।

कांग्रेस हर कदम पर हो रही बर्बाद : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के साथ-साथ देश के लोग पग-पग पर कांग्रेस को नकार रही है, मगर कांग्रेस आज भी अपने घमंड में देश के लोगों की नब्ज को पकड़ नहीं पा रही है और इसी कारण दिन प्रतिदिन कांग्रेस बर्बाद होती जा रही है।

दिल्ली में होगा विश्व स्तरीय विकास

पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली की जनता को अब विश्व स्तरीय विकास का अनुभव कराया जायेगा। बीजेपी दिल्ली को विश्व का आधुनिकतम विकसित किया जायेगा। दिल्लीवासियों को टूटी फूटी सड़कों, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छी यातायात व्यवस्था आदि के इंतजार नहीं करना होगा।

यमुना होगी अब प्रदूषण मुक्त

पीएम मोदी ने आप पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस यमुना के नाम पर पिछली सरकार लाखों-करोड़ों रूपये खपा गयी और यमुना की स्थिति जस की तस है, उस यमुना के अब साफ होने का समय आ गया है। अब यमुना को उसका नैर्सिगक रूप फिर से देंगे, जिसके लिए भाजपा प्रतिबद्ध है।

दिल्ली-एनसीआर के हर तरफ पर बीजेपी का शासन

दिल्ली पर जीत के बाद दिल्ली एनसीआर के आसपास के सभी क्षेत्रों में भाजपा का शासन हो गया है। अब सब प्रदेशों में समान रूप से विकास की गंगा बहेगी और सभी लोग इसका लाभ उठा पायेंगे।

आप की विदाई के साथ ही दिल्ली सचिवालय सील, डाटा बचाने के आदेश

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बड़े बहुमत की ओर है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। अब तक के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा यहां 27 साल बाद सत्ता में वापसी करने जा रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तक चुनाव हार गए हैं। शनिवार को जैसे ही दिल्ली चुनाव की मतगणना के रूाान आये तो एग्जिट पोल सही साबित होते दिखाई देने लगे थे। दिल्ली में सत्ता परिवर्तन की लहर को देखते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने आनन-फानन में एक सख्त आदेश जारी दिया था। इसमें सचिवालय के दस्तावेजों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का जिक्र करते हुए कहा गया है कि विभाग की अनुमति के बिना कोई भी फाइल, दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर आदि दिल्ली सचिवालय परिसर के बाहर नहीं ले जाया जा सकता है। साथ ही सभी विभागों, एजेंसियों और मंत्रिपरिषद के कैंप कार्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे विभाग की अनुमति के बिना कोई भी रिकॉर्ड या फाइल न हटाएं।

दिल्ली में भाजपा की जीत पर शिवचौक पर मनाया जश्न

▶ ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर हुई शिवचौक पर आतिशबाजी
▶ राहगीरों को मंत्री ने मिठाई बांटते हुए दी जीत की बधाई

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। दिल्ली विधानसभा के साथ उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के साथ देश में भाजपाईयों के बीच में जश्न का माहौल है। योगी सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल के नेतृत्व में शनिवार दोपहर बाद नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाते हुए जहां एक ओर आतिशबाजी के बीच जश्न मनाया वहीं वहां से गुजरते राहगीरों को मंत्री ने मिठाई बांटते हुए खुशी व्यक्त की। इस जीत का श्रेय पीएम मोदी और सीएम योगी की नीतियों के साथ भाजपा के बूथ मैनेजमेंट को दिया जा रहा है। शिवचौक पर कार्यकर्ताओं के बीच जश्न मनाते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता ने भाजपा को वोट दिया और पीएम मोदी के नेतृत्व में सुशासन और सुरक्षा देने वाली भाजपा की डबल इंजन की इस सरकार का चुनाव करते हुए अपनी सोच का परिचय दिया है। दिल्ली में चौथी बार सत्ता तक पहुंचने के प्रयास में सियासी बिसात पर अरविंद केजरीवाल के दावों की हवा जनता ने पूरी तरह ही निकाल दी। भाजपा ने यहां पर पूर्ण बहुमत के आंकड़े से कहीं ज्यादा सीटें हासिल कर बीते 27 वर्षों के सूखे को समाप्त कर सत्ता का मार्ग साफ कर दिया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में अब दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है, जिसमें क्षेत्र की जनता को काफी उम्मीदें हैं। इस दौरान शिवचौक पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, विपुल भटनागर, सुरेंद्र अग्रवाल, सतपाल सिंह पाल, पंजाबी समाज से पूर्व अध्यक्ष स. सुखदर्शन सिंह बेदी, प्रवीण खेड़ा, यश कपूर, पवन छाबड़ा, राजेश पाराशर, सभासद अमित पटपटिया, मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, योगेश मित्तल, हनी पाल, रविकांत शर्मा, वसुंधरा के डायरेक्टर अमित चौधरी, देवभूमि के डायरेक्टर सुमित रोहल, रमेश खुराना, शलभ गुप्ता, विशाल गर्ग, अतुल सैनी, तरुण मित्तल, हिमांशु गोयल, बिजेन्द्र पाल, रोहतास पाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी, सुषमा पुंडीर, रेनू गर्ग, कविता सैनी, अनिल नामदेव, लवी, सुनील तायल, श्रीमोहन तायल, सुनील सिंघल, अश्वनी, प्रवीन जैन चीनू, संजय गर्ग, नमन मित्तल, डॉ. देशबंधु तोमर, कन्हैया शर्मा, कमल कांत शर्मा, शोभित गुप्ता, सुनील दर्शन, अर्जुन, शिवा, रानी सक्सेना, संजय सक्सेना, रक्षित नामदेव, जितेंद्र कुच्छल, प्रवीण शर्मा, संजीव संगम समेत सैंकड़ों

मंत्री कपिल देव व डॉ. संजीव बालियान ने किया जलाभिषेक

एसडी मार्किट और शिवचौक पर जमकर हुई आतिशबाजी

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। दिल्ली विधानसभा के साथ प्रदेश की मिल्कीपुर सीट पर उप चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के साथ देशभर में भाजपाईयों के बीच जश्न का माहौल दिखाई दिया। शनिवार दोपहर बाद जीत की खुशी में शिवचौक पर आयोजित कार्यक्रम के बीच योगी सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला आदि ने भगवान आशुतोष को जलाभिषेक व पुष्प अर्पित करते हुए मिष्ठान का भोग लगाया। इस दौरान शिवचौक के पुरोहित पंडित हरीश भारद्वाज ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। इस दौरान शिवचौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घंटा घड़ियाल बजाते हुए भारत माता की जय, बोल-बम, बम-बम के जयघोष से मुख्य बाजार गूंज उठा। इस दौरान मुख्य गेट के सामने न्यू एसडी मार्किट एसोसिएशन की ओर से जमकर आतिशबाजी की गई। एसडी मार्किट के बाहर मुख्य सड़क पर शुरू व्यापारियों की आतिशबाजी से यहां काफी देर तक सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहनों की लंबी कतारें भी लग गई, जो आतिशबाजी के बाद ही आगे बढ़ सकी। इस दौरान मुख्य बाजारों में मोदी-योगी जिन्दाबाद से आसमान गूंज उठा।

21 नेताओं ने दिल्ली में बदला सियासी चोला, 8 जीते

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के स्पष्ट जनादेश से दलबदलुओं यानी पुरानी घोड़ी नई चाल की चांदी हो गई है। आप और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए उम्मीदवार दिल्लीवासियों को सबसे अधिक भाए हैं। इस चुनाव में कुल 21 दलबदलुओं ने रणभूमि में अपनी किस्मत आजमाई थी। इसमें भाजपा से नौ दलबदलुओं में से पांच ने अपनी सीट पक्की की है। जबकि आप के सात में से केवल तीन उम्मीदवार ने जीत हासिल की है। ऐसे में केवल आठ दलबदलुओं ने जीत का सेहरा पहना है। यह उम्मीदवार पाला बदलने में माहिर रहे हैं। हैरानी की बात है कि कांग्रेस में जाने वाले पांच दलबदलू में से कोई भी उम्मीदवार जीत नहीं दर्ज करा पाए हैं।

भाजपा में आप व कांग्रेस से आए उम्मीदवारों ने जीत के रथ को आगे बढ़ाया है। इसमें दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने भाजपा की टिकट से बिजवासन से बड़ी जीत दर्ज की है। वहीं, भाजपा में आए पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सरदार अरविंदर सिंह लवली ने गांधी नगर, राजकुमार चौहान ने मंगोलपुरी, कांग्रेस से भाजपा में आए नीरज बसोया ने कस्तूरबा नगर, आप से भाजपा में आए करतार सिंह तंवर ने छतरपुर से जीत दर्ज की है। चुनाव के परिणाम में इन्हें दिल्ली चुनाव का असल मौसम वैज्ञानिक कहा जा रहा है। भाजपा से आप में आए अनिल झा ने किराड़ी, प्रवेश रतन ने पटेल नगर और कांग्रेस से आप में आए चौधरी जुबैर अहमद को मैदान में उतारा था। इन्हें जीत का सेहरा मिला है। इसके अलावा आप से भाजपा में आए राजकुमार आनंद, प्रियंका गौतम, मनीष चौधरी व बीएसपी से आए नारायण दत्त शर्मा को हार का समाना करना पड़ा है। ऐसे में 21 में से आठ दलबदलुओं ने चुनाव से पहले पाला बदलने के बावजूद जीत की दर्ज की है। बात दें कि 2020 विधानसभा चुनाव में कुल 14 प्रत्याशियों ने अपने दल बदलकर अपनी किस्मत आजमाई थी। इसमें सात प्रत्याशियों को जीत का स्वाद चखने को मिला था। बाकि, सात प्रत्याशी धड़ाम हो गए थे। ऐसे में सियासी संग्राम में पाला बदलने वालों का 50 फीसदी स्कोर रहा है।

और कैसे भ्रष्टाचार के सुबूत चाहिएं

पीड़ित ने सरकार की विधायिका के सामने ही खोल डाली पुलिस की रिश्वत लेने की पोल

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। जब योगी सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों पर उनके ही मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं, तो उनकी सुरक्षा छीन ली जाती है। मगर लगातार भ्रष्टाचार के खुलासे हो रहे हैं। शनिवार को भोपा में एक अजीबोगरीब नजारा सामने आया। हाल ही में विधायक बनी मिथलेश पाल ने भोपा थाने की पूरी टीम के सामने ही पीड़ित को बुलाया और पीड़ित ने खुलकर बताया कि उनसे 27 हजार रूपये की रकम वसूली गयी है। इतना ही नहीं दो हीटर भी पुलिस ने लिये हैं और मामला क्या था यह भी जान लें। मामला यह था कि एक दुकानदार के पास कोई चोरी का बैट्रा बेच आया था। पकड़े जाने के बाद पुलिस उसकी निशानदेही पर दुकानदार दिनेश के पास पहुंची और उससे पूछा कि क्या तुमने किसी से बैट्रा खरीदा है। दुकानदार दिनेश ने शराफत से कहा गया कि हां, उसके द्वारा एक बैट्रा खरीदा गया है। आरोप है कि पुलिस ने दुकानदार दिनेश से को धमकाकर जेल जाने का डरावा देकर उससे 27 हजार रूपये वसूल लिये। 27 हजार रूपये से भी जब काम नहीं चला, तो उन्होंने दिनेश से दो हीटरों की भी मांग की और यह बात सुनी सुनाई नहीं थी। खुद विधायिका मिथलेश पाल ने पुलिस और पीड़ित के सामने खुलकर आमने-सामने कराई और अभी भी सरकार कहती है कि भ्रष्टाचार है कहा।

डकैती नहीं कबूली तो लगाया करंट और बजाये फट्टे

मुजफ्फरनगर, 08 फरवरी (बु.)। भ्रष्टाचार के साथ-साथ भोपा पुलिस पर एक ओर आरोप भी लगा। कुछ समय पूर्व भोपा थानाक्षेत्र में एक डकैती हुई थी। डकैती का खुलासा करने के लिए भोपा इंस्पेक्टर के आदेश पर मनीष पुत्र संजू, मोनू पुत्र राजू, आसिफ पुत्र मौहम्मद रफी को घर से शक के आधार पर उठवा लिया गया था और जिस तरीके से आरोपियों से पूछताछ की गयी, वह किसी बड़ी शारीरिक प्रताड़ना से कम नहीं है। आरोपियों ने खुलकर मीडिया के कैमरे के सामने बताया कि उन्हें उठाने के बाद पुलिस उन्हें भोपा थाने के पीछे गार्ड रूम में गयी और वहां उनकी लाठी-डंडों से पिटाई के साथ-साथ उन पर फट्टे बजाये गये। इतना ही नहीं डकैती कबूल कराने के लिए उन्होंने तीनों पीड़ितों को करंट के ाटके भी दिये। शनिवार को मनीष और मोनू ने विधायिका के सामने ही अपनी कमर दिखाते हुए उस पर लाठी-डंडों के निशान दिखाये और लिखित में इसकी शिकायत विधायिका को की गयी। पीड़ितों ने विधायिका के सामने ही कहा कि पूरे क्षेत्र में कहीं से भी पता किया जा सकता है कि वें संभ्रांत परिवार के लोग हैं और आज तक उनका किसी भी प्रकार का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। सिर्फ अपना गुडवर्क दिखाने के लिए पुलिस ने उन्हें शक के आधार पर इतनी प्रताड़ना कौन से कानून के तहत दी है।

दिल्ली विधानसभा-भाजपा का वोट शेयर सात फीसदी तो सीटें छह गुना बढ़ीं

नई दिल्ली, 08 फरवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। अरविंद केजरीवाल ने अपनी हार स्वीकार ली है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में भाजपा की जीत को सुशासन और विकास की जीत करार दिया है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 15 और ह्यआपह्न ने 11 सीट पर जीत हासिल कर ली है। भगवा पार्टी 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने की ओर तेजी से बढ़ रही है। ताजा रुझानों में भाजपा को दिल्ली की 70 सीटों में से 47 और ह्यआपह्न को 23 सीटों पर बढ़त दिखाई गई है।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा ने अपने वोट शेयर को काफी मजबूत किया है। उसे चुनाव में 45 फीसदी से ज्यादा वोट मिलते दिखाई दे रहे हैं। यह आंकड़ा पिछले बार से सात फीसदी ज्यादा है। इसके उलट आप को बड़ा नुकसान हुआ है। उसे अब तक 43.69 फीसदी वोट मिलते दिखाई दे रहे हैं। पार्टी को पिछले बार के मुकाबले 11 फीसदी का नुकसान होते दिखाई दे रहा है। इन चुनावों में कांग्रेस को भी फायदा हुआ है, लेकिन सीटों के मामले में उसका खाता इस बार भी नहीं खुला। कांग्रेस को अब तक 6.40 फीसदी वोट मिले हैं। यह पिछले बार से करीब दो फीसदी ज्यादा है। दिल्ली में विधानसभा

चुनाव के शनिवार दोपहर एक बजे तक आए नतीजों और रुझानों से आंकड़ों से पता चलता है कि राष्ट्रीय राजधानी के मतदाताओं ने दो राष्ट्रीय पार्टियों बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की तुलना में ह्यउपरोक्त में से कोई नहींह्न (नोटा) के विकल्प को प्राथमिकता दी। चुनाव आयोग की ओर से दोपहर के समय जारी आंकड़ों से पता चला कि नोटा के विकल्प को 0.57 प्रतिशत मतदाताओं ने वरीयता दी, जबकि बहुजन समाज पार्टी को 0.55 प्रतिशत और माकपा को 0.01 प्रतिशत वोट मिले। बसपा और माकपा दोनों ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टियां हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को 0.01 प्रतिशत और जनता दल (यूनाइटेड) को फीसदी वोट मिले। 2020 में दिल्ली की जनता ने विधानसभा चुनाव के लिए 8 फरवरी को वोट डाला था। इस दौरान 64.5 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। परिणामों में आम आदमी पार्टी ने 70 में से 62 सीटों पर जीत दर्ज की। पार्टी ने 0.73 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 55 फीसदी वोट हासिल किए। वहीं, भाजपा ने 6.21 फीसदी की उछाल के साथ 38.7% वोट हासिल किए। हालांकि, इसके बावजूद भाजपा को सिर्फ आठ सीटें ही मिलीं। दूसरी तरफ कांग्रेस का वोट प्रतिशत 4.3 फीसदी तक ही रहा। पार्टी ने 2013 और 2015 के बाद एक बार फिर वोट प्रतिशत में गिरावट दर्ज की। 2020 में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 5.44 फीसदी और गिर गया। पार्टी को 2015 की तरह ही 2020 के विधानसभा चुनाव में भी कोई सीट नहीं मिली।